शुक्रवार
15 मार्च 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

जल और हरियाली है तभी सुरक्षित है सभी का जीवन 2

पहले प्रदेशवासी के सामने पहचान का संकट था, आज गर्व से बोलता है कि वह यूपी का है: योगी

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र
- बोले सीएम योगी- युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपट रही सरकार

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

योगी सरकार की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लगातार जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत अब तक साढ़े 6 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस

उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 वर्षों में आपने देखा होगा कि जहां पहले प्रदेश के लोगों के सामने अपनी पहचान का संकट था। वहीं, आज वह सीना तान कर कहते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश का हूं। यह सब सरकार के निर्णय के मैकेनिज्म से हुआ है।

आज न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही, न हस्तक्षेप हो रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह तब होता है जब सरकार ईमानदारी के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आज टेक्नोलॉजी काफी इंप्रूव हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आप जब तक फील्ड में आएंगे तब तक हम राजस्व के सभी कार्यों को डिजिटाइज करने में सफल हो चुके होंगे। इसके बाद भी राजस्व संबंधी विवाद के मामले सामने आएंगे। ऐसे में इन मामलों को निपटाने के लिए आपको अपनी तहसील में रहकर फोकस करना होगा। साथ ही पेंडेंसी को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करना होगा।

थाने की एक-एक गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। हमें गरीबों के साथ खड़े होना चाहिये। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में आपकी छवि बने। उन्होंने सभी नवचयनितों को प्रशासन का हिस्सा बनने पर बधाई दी।

नवचयनितों ने जताया सीएम योगी का आभार

नवचयनित अभ्यर्थियों ने मात्र 9 माह में परीक्षा प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। डिप्टी एसपी पद पर चयनित प्रयागराज के आकाश प्रियदर्शी ने कहा कि सरकार और लोक सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से यह भर्ती प्रक्रिया पूरी कराई गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी और लोक सेवा आयोग के चेयरमैन का बहुत आभारी हूं। इसी तरह, डिप्टी एसपी पद के लिए चयनित संत कबीरनगर की प्रभा पटेल ने भी सीएम योगी के प्रति सम्मान जताते हुए कहा कि समयबद्ध परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए धन्यवाद कहना चाहूंगी। सीएम योगी के मार्गदर्शन में परीक्षाएं पूरी शुचिता के साथ संपन्न कराई गईं। इसकी वजह से हम जैसे युवाओं को पुलिस सेवा में आकर लोगों के लिए कार्य करने का सुअवर प्राप्त हो रहा है।

सीएम ममता बनर्जी को सिर में लगी चोट, अस्पताल में भर्ती

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चोटिल हो गई हैं। तृणमूल कांग्रेस की ओर से तस्वीरें जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। टीएमसी ने बताया कि उनकी अध्यक्ष और सीएम ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। तस्वीर में ममता के सिर में गहरी चोट दिखाई दे रही है। उनके सिर से खून भी निकल रहा है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक, ममता बनर्जी को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, ममता को चोट उनके घर पर ही लगी। परिसर में टहलने के दौरान गिरकर ममता गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, उनके माथे पर टांके लगाए जाएंगे। तृणमूल के एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) ने ममता की तस्वीर जारी की है। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता के स्वस्थ होने की कामना की है। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता गुरुवार को कालीघाट आवास परिसर में टहल रही थीं। उसी समय वह गिर गईं। तुरंत उन्हें घर के अंदर ले जाया गया। उसके बाद उन्हें एसएसकेएम अस्पताल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। डॉक्टरों ने कहा कि माथे पर टांके लगाने होंगे। बताया जा रहा है कि चोट काफी गहरी है।

स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को लोन की राशि जारी, बोले पीएम

जिसे किसी ने नहीं पूछा, उसे मोदी ने पूछा और पूजा भी है

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पीएम स्वनिधि योजना के तहत 1 लाख लाभार्थियों को बिना गारंटी लोन की राशि ट्रांसफर कर दिया। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी, पटरी, ठेले, पर काम करने वाले लाखों परिवारों का संबल बनी है। यह योजना पथ विक्रेताओं के सपनों को पंख और उनकी उन्नति को नया आसमान दे रही है। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की संख्या देशभर में 62 लाख से भी अधिक हो चुकी है।

दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पीएम मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के 1 लाख लाभार्थियों को लोन की राशि जारी की। इसके अलावा 5 हजार दिल्ली के नए रेहड़ी, पटरी और ठेले पर काम करने वाले लाभार्थियों को भी रकम जारी कर दी है। पीएम ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी, पटरी, ठेले, पर काम करने वाले लाखों परिवारों का संबल बनी है। मोदी ने तय किया कि इनको बैंकों से सस्ता ऋण मिले और मोदी की गारंटी पर लोन मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वनिधि योजना की वजह से रेहड़ी-फुटपाथ-ठेले पर काम करने वालों की कमाई बढ़ गई है। खरीद-बिक्री का डिजिटल रिकॉर्ड होने की वजह से अब बैंकों से मदद मिलने में भी आसानी हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी ने तय किया कि इनको बैंकों से सस्ता ऋण मिले और मोदी की गारंटी पर लोन मिले। पीएम ने कहा कि महामारी के कारण गहराए वैश्विक आर्थिक संकट के दौरान समाज के हाशिए पर पड़े तबकों या वर्गों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के 1 जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना लॉन्च की गई थी। यह योजना

हाशिए पर पड़े स्ट्रीट वेंडरों के समुदायों के लिए परिवर्तनकारी साबित हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश के 62 लाख लाभार्थियों को लगभग 11 हजार करोड़ रुपए मिल चुके हैं और अब तक का मेरा अनुभव है कि समय पर वो पैसे भी लौटाते हैं। मुझे खुशी है कि पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों में आधे से अधिक हमारी माताएं-बहनें हैं। स्वनिधि योजना की वजह से रेहड़ी-फुटपाथ-ठेले पर काम करने वालों की कमाई बढ़ गई है। खरीद-बिक्री का डिजिटल रिकॉर्ड होने की वजह से अब बैंकों से मदद मिलने में भी आसानी हो गई है।

पीएम स्वनिधि योजना मोदी की ऐसी ही गारंटी है, जो आज रेहड़ी-पटरी, ठेले और ऐसे छोटे-छोटे काम करने वाले लाखों परिवारों की संबल बनी है। मोदी ने तय किया कि बैंकों से सस्ता लोन मिले और मोदी की गारंटी पर मिले। आपका ये सेवक गरीबी से निकलकर यहां पहुंचा है, मैं गरीबी को जी करके यहां आया हूं। इसलिए जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी ने पूछा भी है और पूजा भी है। अगर आपके पास गारंटी देने के लिए कुछ नहीं तो चिंता मत कीजिए...मोदी आपकी गारंटी लेता है।

भ्रष्टाचार-तुष्टिकरण को जड़ से उखाड़ फेंकना है लक्ष्य: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि वह भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना' के लाभार्थियों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए राष्ट्रीय राजधानी में एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे दिन-रात उन्हें गाली' देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। वर्तमान में यहां की सात सीट भाजपा के पास है। मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना' रेहड़ी पटरीवालों के उन लाखों परिवारों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन रही है, जिन पर पिछली सरकारों ने कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वे अपमान सहते थे और इधर-उधर भागते थे क्योंकि उन्हें बैंकों से मुश्किल से ऋण मिलता था और उन्हें अत्यधिक ब्याज दरों पर पूंजी प्राप्त करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी' से यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें बैंकों से सरल दरों पर कर्ज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार राष्ट्रीय राजधानी में गरीबों और मध्यम वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह भारतीय शहरों में यातायात को कम करने और प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं।

सीएम नीतीश कुमार चौथी बार बने एमएलसी सभी 11 प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए विधान परिषद

केटी न्यूज/पटना

बिहार विधान परिषद के 11 सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित 11 नव नियुक्त सदस्यों को गुरुवार को एमएलसी की जीत का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सीएम नीतीश के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे और सीएम को फिर से एमएलसी बनने पर बधाई दी। सीएम नीतीश के अलावा जदयू के खालिद अनवर, भाजपा के मंगल पांडेय, अनामिका सिंह और लाल मोहन गुप्ता को भी जीत का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सीएम नीतीश को चौथी बार एमएलसी बनने पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने भी बधाई दी। वहीं इस बार जिन 11 सदस्यों का निर्विरोध निर्चावन हुआ है उसमें जदयू से

सीएम नीतीश और खालिद अनवर सहित भाजपा के मंगल पांडेय, अनामिका सिंह और लाल मोहन गुप्ता शामिल हैं। वहीं एनडीए के समर्थन से ही हम के संतोष सुमन भी एमएलसी बने हैं। वहीं राजद से राबड़ी देवी, अब्दुलबारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर और फैसल मोहम्मद अली शामिल हैं। पहली बार भाकपा माले की शशि यादव भी एमएलसी निर्वाचित हुई हैं।

राजद के चार और वाम दल के एक एमएलसी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। यह विधान परिषद में राजद को मजबूत करने वाला निर्वाचन रहा है क्योंकि राजद के एमएलसी की संख्या दो बढ़ गई है। वहीं जदयू के दो एमएलसी घट गए हैं। इन सबके बीच भाजपा के लिए कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं भाकपा माले की ओर से पहली बार कोई एमएलसी सदन में पहुंचा है।

प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ रही योगी सरकार

उत्तर प्रदेश में ई रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभालेंगी महिलाएं

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

रोडवेज बसों के बाद अब उत्तर प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। प्रदेश की महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के मिशन में जुटी योगी सरकार मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को स्वरोजगार उन्मुख ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ रही है। इसके माध्यम से सरकार न सिर्फ महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण दिला रही है, बल्कि ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर रही है। यही नहीं, ई रिक्शा पर 50 हजार रुपए तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार की इस पहल से अब प्रदेश भर में सड़क पर प्रशिक्षित महिला ड्राइवर्स उच्च गुणवत्ता वाले ई रिक्शा चलाती नजर आएंगी। इससे उनकी आय का प्रबंध भी होगा और रोड एक्सीडेंट जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

करीब 20 हजार महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। ड्राइविंग डोमेन में स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। प्रशिक्षण के लिए महिलाओं का चयन मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की गाइडलाइंस के तहत किया जा रहा है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

महिलाओं को दी जा रही पिंक ड्रेस एवं सेफ्टी किट

उन्होंने बताया कि हमने 250 महिलाएं प्रति जनपद का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 250 महिलाओं का चयन करेंगे और फिर उनको ई रिक्शा स्वरोजगार उन्मुख करेंगे। चयन के बाद महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें क्लास रूम ट्रेनिंग भी है जिसमें उन्हें ई रिक्शा और ड्राइविंग रूल्स के विषय में बताया जा रहा है। इसके बाद उनको प्रैक्टिकली ई रिक्शा चलाना सिखाया जा रहा है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।

स्वरोजगार शुरू कराने में भी की जा रही मदद

प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है। ये कंपनियां लिथियम आयन बैटरी वाले ई रिक्शा बनाती हैं जो सबसे उच्चतम क्वालिटी के होते हैं। 1.98 हजार में योजना के अंतर्गत योग्य पाई जाने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 49 हजार 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। बाकी जो पैसा है उसको नेशनलाइज बैंक से फाइनेंस कराने का प्रयास किया जाएगा। हमारा प्रयास महिलाओं को बैंक तक ले जाना और उनका फाइनेंस कराना है, ताकि उनका स्वरोजगार शुरू हो सके। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम नवंबर 2023 से शुरू हुआ है। अभी बैचवार यह कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें एक बैच में प्रति जनपद 250 महिलाओं का प्रशिक्षण चल रहा है।

सीएम ने की तीन विभागों की समीक्षा, बोले...

जल और हरियाली है तभी सुरक्षित है सभी का जीवन

- बोले सीएम- विभिन्न नदियों के अधिशेष जल का बरसात में भंडारण कर उसे शुद्ध पेयजल के रूप में उपलब्ध कराए जाने की योजना पर काम किया जाएगा

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को जल संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग और खेल विभाग की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया गया है। जल-जीवन-हरियाली का मतलब है जल और हरियाली है तभी सभी का जीवन सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जनसंख्या वृद्धि और भूगर्भ जल के स्तर में गिरावट को देखते हुए जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत विभिन्न नदियों के अधिशेष जल का बरसात माह में भंडारण कर उसे शुद्ध पेयजल के रूप में उपलब्ध कराए जाने की योजना पर काम किया जाएगा।

वहीं उन्होंने खेल विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि हम शुरू से ही खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देते रहे हैं। हम जब श्रद्धेय अटल जी की सरकार में रेल मंत्री थे तो विभाग में खिलाड़ियों को नौकरी प्रदान करने का हमने प्रावधान किया था और इसे लागू भी किया था। अब बिहार में खेल विभाग का अलग से गठन हो गया है ताकि खेल और खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित किया जा सके। बच्चे मन लगाकर पढ़ाई भी करें और खेल-कूद में भी भाग लें। उन्होंने कहा कि विभिन्न टाउनशिप एरिया डेवलप होने से प्रमुख शहरों के आसपास का क्षेत्र और विकसित होगा और लोग इसका सदुपयोग कर सकेंगे।

इस मौके पर विकास आयुक्त सह जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने पटना शहर के लिए पेयजल योजना के साथ-साथ औरंगाबाद, डिहरी, अरवल, सासाराम, जहानाबाद, भभुआ, मोहनिया एवं अधौरा पर्वत (कैमूर जिला) पर पेयजल उपलब्ध कराने की योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नदी के जल को बाढ़ की अवधि के बीच उद्वह का कार्य किया जाएगा और इस 4 माह में नदी के जल उद्वह के साथ पेयजल का वितरण करते हुए शेष 8 माह की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भंडारित किया जाएगा। इस योजना के लिए भू-अर्जन कम-से-कम किया जाएगा।

नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नवनियुक्त आयुष चिकित्सक अनीता कुमारी, अफसाना बेगम, यशवंत कुमार, श्वेता रंजन, हरिशंकर चौबे, डॉ० भारती कुमारी, उदय कुमार मिश्रा, बबीता कुमारी, संगीता कुमारी, प्रवीण कुमार, स्मृता श्री, अब्दुल कलाम, सुश्री बुशरा हयात, राहत जहां को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सहायक अभियंता नीरज कुमार, अमित कुमार, श्रीमती निवेदिता भारती, सुश्री संगीता रानी सिन्हा एवं विकास कुमार गुप्ता को भी सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तथा नगर एवं आवास विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों एवं सहायक अभियंताओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 2901 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत 219 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को हरित पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार व अन्य उपस्थित थे।

सीट शेयरिंग में अब मांझी ने फंसा दिया पेंच? संतोष सुमन ने पीएम मोदी के पाले में डाली गेंद

केटी न्यूज/पटना

कैबिनेट विस्तार और एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर बिहार में सियासी गतिविधियां तेज हो गई है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी आज अचानक जीतन राम मांझी के आवास पहुंचे और बंद कमरे में मांझी और उनके बेटे संतोष सुमन से मुलाकात की है। कयास लगाए जा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को एक सीट दी जा रही, जिसको लेकर मांझी नाराज हो गए हैं हालांकि संतोष सुमन ने कहा है कि कहीं कोई नाराजगी नहीं है हालांकि, उन्होंने गेंद प्रधानमंत्री मोदी के पाले में डाल दी है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से मुलाकात के बाद मंत्री संतोष सुमन ने कहा कि कोई किसी से मुलाकात करता है तो इसका मतलब ये नहीं होता है कि कहीं कोई नाराजगी है। सम्राट चौधरी एनडीए घटक दल के नेता हैं और उसी नाते वे जीतन राम मांझी से मिलने पहुंचे थे। हम लोगों के बीच कहीं कोई नाराजगी नहीं है। लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी चालीस की चालीस सीट पर कैसे जीतें, इसी बात को लेकर चर्चा हुई है। जीतन राम मांझी का 40 वर्षों का राजनीतिक कैरियर रहा है, जरूरी नहीं है कि सीटों को लेकर बात करने आते हों। बीजेपी के बड़े नेता मिलने आते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमलोग पूरी मजबूती के साथ और बिना किसी शर्त के साथ हैं। हमलोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सारी चीजों को छोड़ दिया है। इतनी विश्वास है कि हमरा सम्मान बरकरार रहेगा और सभी 40 सीटों पर मिलकर जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि धैर्य रखिए, किसको कितना सीट मिलेगा कल परसों तक सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा लेकिन हमलोग नाराज नहीं हैं। वहीं गया लोकसभा सीट पर दावा ठोकने के सवाल पर संतोष सुमन ने कहा कि हमारी शुरूआत गया से हुई है और गया हमारी कर्मभूमि रही है ऐसे में कार्यकर्ता चाहते हैं कि हमलोग गया से लोकसभा का चुनाव लड़ें।

बता दें कि बिहार एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर पिछले कई दिनों से गहमागहमी चल रही है। चिराग पासवान के दबाव बनाने के बाद बीजेपी ने उन्हें पांच सीटें देने का वादा किया है जबकि चिराग के चाचा पशुपति कुमार पारस को लोकसभा की एक भी सीट नहीं दी गई है। एनडीए में शामिल कुशवाहा और जीतन राम मांझी को एक-एक सीट देने की चर्चा हो रही हैं। कहा जा रहा है कि एक सीट मिलने से कुशवाहा और मांझी नाराज हो गए हैं और एक से अधिक सीटों की मांग बीजेपी से कर दी है और सीट शेयरिंग में पेंच फंसा दिया है।

धर्म के आधार पर भेदभाव का किसी को अधिकार नहीं: राजद

केटी न्यूज/पटना

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर विपक्ष लगातार हमलावर है। इस कानून पर सवाल उठा रहा है। यहां तक कि तीन मुख्यमंत्रियों ने दावा किया है कि वो अपने राज्य में सीएए लागू नहीं होने देंगे। अब इस मामले में राजद के राज्यसभा सांसद मनोज सिन्हा ने जोरदार पलटवार किया है। मनोज सिन्हा ने कहा कि -यह कानून कहीं से उचित नहीं है।

मनोज सिन्हा ने कहा कि - 2019 में यह कानून सदन से पारित हुआ था। उस दौरान भी हमारी पार्टी को अपने तरफ से जो कहना था हमने कहा था। यह कानून संविधान के अनुसार नहीं है। संविधान में धर्म के आधार पर भेदभाव का अधिकार नहीं है। मैं यह पूछना चाहता हूं श्रीलंका के तमिल हिंदुओ ने क्या बिगाड़ा है। अब साढ़े चार बाद सरकार जागी है और यह कानून लागू कर रही है। यह जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश है।

इसके आगे सिन्हा ने कहा कि - केंद्र सरकार के पास नौकरी पर बोलने के लिए कुछ है ही नहीं। बिहार में तेजस्वी जी ने एक नई लकीर खींच दी है अब हर कोई उसी पर चलने की कोशिश में लगे हुए हैं। आज आप कहीं भी किसी से पूछ लिगिए नौकरी मतलब तो सब कोई बोलेगा तेजस्वी यादव। इसलिए इस पर कोई चर्चा ही नहीं है। उधर, राज्य में बढ़ते अपराध के मामले को लेकर मनोज सिन्हा ने कहा कि मैं उनसे पूछना चाहता हूं जो किसी के नाखून काटने पर जंगल राज बताते थे आज सर धर से अलग हो रहा है तो इसको कौन सा राज कहेंगे। ये लोग बस दूसरों का देखते हैं, इन्हें अपना कुछ नजर नहीं आता है। आज बिहार में कौन सुरक्षित है यह बताएं।

मुजफ्फरपुर में धरना देनेवाले 20 शिक्षकों पर एफआईआर

केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर में शिक्षकों को शिक्षा विभाग के खिलाफ डंडा और गुलदस्ता लेकर धरना प्रदर्शन करना महंगा पड़ गया। अब जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी ने 20 शिक्षकों के खिलाफ नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दरअसल पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड का है। जहां बीते दिनों मुजफ्फरपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी एक स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी का सर फट गया था। मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कुढ़नी थाने में उक्त प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद मुजफ्फरपुर में बीते दिनों शिक्षको ने एक हाथ में डंडा और एक हाथ में गुलदस्ता लेकर धरना प्रदर्शन किया था और कहा था कि अगर जिला शिक्षा पदाधिकारी अच्छे मनसा से निरीक्षण करने पहुंचेंगे तो गुलदस्ता भेंट किया जायेगा और अगर उनकी मनसा गलत होगी तो डंडे से मार कर भगा देंगे।

जिसके बाद अब मामले में मुजफ्फरपुर के जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी ने धरना प्रदर्शन करने वाले 20 शिक्षको के खिलाफ मुजफ्फरपुर के नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं मामले में नगर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा एक आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा की इसमें 20 शिक्षको को आरोपित किया गया है और कहा गया है कि इन सभी शिक्षकों के द्वारा सरकारी कार्यों में बाधा डालने की कोशिश की गई है।

बेगूसराय में बदमाशों ने युवक को मारी गोली

बेगूसराय। बेगूसराय में बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी है। आनन फानन में पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां से गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घटना सिंघौल क्षेत्र के राजपुर डुमरी की है। गोली लगने से जख्मी युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कैथमा गांव निवासी रविंद्र यादव के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है।

गिरिराज सिंह बोले... हिंदुओं को गाली दे रहे हैं अरविंद केजरीवाल

पटना। पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों को छोड़कर पूरे देश में सीएए लागू हो गया है। इस कानून के लागू होने के बाद अब दूसरे देशों के गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता दी जाएगी हालांकि विपक्ष इस कानून के लागू होने के समय को लेकर सवाल उठा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि लोकसभा चुनाव में फायदा लेने के लिए केंद्र की सरकार ने इसे लागू किया है। बेगूसराय पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है।

गिरिराज सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि वह हिंदुओं को गाली दे रहे हैं। जब पाकिस्तान में हिंदुओं की बेटी को मंडप से उठाकर लेकर जाते हैं तब तो इनकी जुबान नहीं खुलती है। ऐसे लोगों को जब वहां न्याय नहीं मिलेगा तो वह भागकर हिंदुस्तान ही आएगा। दूसरे देशों के हिंदुओं को केजरीवाल चोर कह रहे हैं और बांग्लादेश रोहोंगिया को लेकर उनकी जुबान नहीं खुलेता क्योंकि उनका वह तो उनका वोट बैंक है, यह तुष्टीकरण नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि जो भारतवंशी पाकिस्तान में तबाह बर्बाद हुए है। अफगानिस्तान में सिख भाई सिख तबाह बर्बाद हुए उनको सहरा आखिर कौन देगा। भारत के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने उनको सहारा देने के लिए यह कानून बनाया है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए गिरिराज ने कहा कि मुझे दुख होता है कि विपक्ष की यह सोच तुष्टीकरण के प्रकाष्ठा है। भारतवंशी को कौन सहारा देगा, अगर भारत वंश से यहां नहीं आएंगे तो कहां जाएंगे।

सदर अस्पताल कर्मियों का वेतन भुगतान को लेकर जारी हड़ताल समाप्त

- अधिकारियों के समझाने व तीन दिन में वेतन भुगतान के बाद काम पर लौटे सफाई कर्मी

केटी न्यूज/बक्सर

सदर अस्पताल में सफाई कर्मियों का तीसरे दिन वेतन को लेकर जारी हडताल समाप्त हो गया। इसके पूर्व सफाई कर्मियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल की ओपीडी की व्यवस्था को बंद करा दिया। जिसके बाद आनन-फानन में अस्पताल के प्रभारी पदाधिकारी सह एडीएम पीजीआरओ संजय कुमार भी पहुंच गये। जिसके बाद काफी समझाने तथा तीन दिनों में वेतन भुगतान के आश्वासन के बाद सफाई कर्मियों ने गुरुवार से सफाई शुरू कर दिया। इसके पूर्व तीन दिनों से जारी हड़ताल के कारण सदर अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तहर चरमरा गई थी। सफाई नहीं होने से इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, इंडोर सभी वार्डों में कचरा का अंबार लग गया था। जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा था। ओपीडी की सेवा कर्मियों के प्रभावित करने के साथ ही प्रभारी सिविल सर्जन डॉ विनोद प्रताप सिंह के साथ ही सदर अस्पताल के उपाधीक्षक संजय सिंह पहुंच गये। जहां कर्मियों को ओपीडी से हटाकर ओपीडी की सेवा को बहाल किया गया। इसके बाद पीजीआरओ संजय कुमार ने सफाई कर्मियों को तीन दिनों में भुगतान का आश्वासन दिया। जिसके बाद सदर अस्पताल की सफाई कार्य शुरू किया गया। ज्ञात हो कि वेतन के साथ ही इपीएफ एवं अन्य मांगों को लेकर अस्पताल की सफाई कर्मियों ने अनिश्चित कालीन हडताल शुरू कर दिया था। जिसके बाद अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो चुकी थी। जगह-जगह कचरा फैल गया था। जिस कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। यहीं नहीं संक्रमण भी फैलने की आशंका हो रही थी। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य कर्मियों का कहना था कि अक्सर उनलोगों के साथ धोखा दिया जाता है। सफाई कर्मियों को पर्याप्त वेतन नहीं मिलता है साथ ही उन्हें प्रयुक्त होने वाले उपकरण आदि भी उपलब्ध नहीं कराये जाते है। सफाई कर्मियों का दावा है कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया। तो पुनः आंदोलन शुरू हो जाएगा।

शिविर में 200 पशुपालकों ने कराया पशु की स्वास्थ्य जांच

नावानगर। जीविका के बैनर तले गुरुवार को स्थानीय प्रखंड के वैना पंचायत अंतर्गत बाली सोनवर्षा में पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन की गई। जिसका शुभारंभ बीडीओ मनोज कुमार, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक पप्पू प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य और नारीशक्ति संकुल संघ कि अध्यक्ष संगीता देवी ने संयुक्त रुप से उद्घाटन किया। शिविर के मुख्य उद्देश्य से बीडीओ ने उपस्थित पशुपालकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शिविर में लाए गए पशु को निःशुल्क जांचोपरांत इलाज किया जाएगा। साथ ही अनुभवी एवं सरकारी पशु चिकित्सक की ओर पशुपालकों को परामर्श दिया जाएगा। शिविर में गाय, भैंस समेत अन्य दुधारू पशुओं को एफडीएम का टीकाकरण निःशुल्क दी गई। इसके अलावा बकरी, भेड़ में पीपीआर का टीकाकरण, कृमि नाशक, अठयी कि दावा निःशुल्क दी गई। शिविर में कुल 200 पशुपालकों के द्वारा अपने पशु के लिए निःशुल्क दवा और चिकित्सक से एडवाइस दिया गया। ताकि उत्पादन में बढ़ोतरी हो सके। शिविर का संचालन जीविकोपार्जन विशेषज्ञ अखिलेष दीक्षित एवं धनजय भारती ने की। इस अवसर पर सामुदायिक समन्यवक ओम प्रकाश सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, बबलु कुमार, नमिता गुप्ता, वंदना बौद्ध समेत अन्य जीविका दीदी एवं कैडर मौजूद थे।

सिमरी थाना क्षेत्र के तिलक राय के हाता गंगा घाट की है घटना

शादी में आयी तीन किशोरियां गंगा नदी में डूबीं, दो की मौत

- शादी के बाद ककन छुड़ाने गया था परिवार
- बड़का राजपुर नई बस्ती के त्रिलोकी बिंद की 14 वर्षीय पुत्री धनमुन कुमारी को बचा लिया गया

केटी न्यूज/सिमरी

तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय तिलक राय के हाता गंगा घाट पर नहाने के दौरान डूबने से एक किशोरी और एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक को उनकी घर की महिलाओं ने बचा लिया। सभी एक ही परिवार के है तथा घर में लड़के की शादी के बाद ककन छुड़ाने की रस्म के तहत परिवार की महिलाओं के साथ तिलक राय के हाता गंगा घाट गई थी। घटना गुरुवार की शाम साढ़े पांच बजे की है। मृतकों में तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय बड़का राजपुर नई बस्ती के पुरुषोत्तम बिंद की 18 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी और भरियार ओपी थाना क्षेत्र के अरक गांव के हरिमोहन चौधरी की 16 वर्षीय पुत्री रागिनी कुमारी शामिल हैं। जबकि बड़का राजपुर नई बस्ती के त्रिलोकी बिंद की 14 वर्षीय पुत्री धनमुन कुमारी को बचा लिया गया है, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। वही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित करने तथा शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बड़का राजपुर नई बस्ती के त्रिलोकी बिंद के लड़के के गवना की बारात लौट कर आई थी। गुरुवार की शाम घर की महिलाएं तथा कुछ बच्चियां ककन छुड़ाने का रस्म पूरा करने के लिए तिलक राय के हाता गंगा घाट गई थी। इस दौरान बच्चियों तथा महिलाएं गंगा स्नान भी कर रही थी। नहाने के क्रम में ही रागिनी, सोनी और धनमून गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उन्हें डूबता देख साथ ही महिलाओं ने बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक रागिनी और सोनी उनकी आंखों से ओझल हो गई थी, जबकि धनमुन को महिलाओं ने किसी तरह बचा लिया। हालांकि थोड़ी देर बाद पानी में डूबी रागिनी और सोनी को भी बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही शादी वाले घर में मातमी सन्नाटा पसर गया। अभी चंद घंटे पहले जो चेहरे हंसी ठिठोली कर रहे थे, वे चीखने चिल्लाने लगे थे। घटनास्थल पर देखते ही देखते सैकड़ो ग्रामीणों के भीड़ उमड़ गई थी। परिजनों के क्रंदन चीत्कार से गंगा घाट से लेकर बड़का राजपुर नई बस्ती तक का माहौल गमगीन हो गया था।

कहते है थानाध्यक्ष

गंगा में नहाने के दौरान दो किशोरियों की मौत हुई है, जबकि एक को बचा लिया गया है। दोनों शवों को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।
लालबाबू सिंह, तिलक राय के हाता ओपी प्रभारी

चार दिन से लापता युवक का नहर में मिला शव, घर में मचा कोहराम

- कोरान सराय थाना क्षेत्र के खैरही गांव की है घटना
- रविवार की शाम से ही गायब था युवक
- मृतक शादीशुदा था तथा चार बच्चे भी है उसके

केटी न्यूज/डुमरांव

कोरान सराय थाना क्षेत्र के खैरही गांव से चार दिन पहले लापता हुए 30 वर्षीय युवक का शव गुरुवार को स्थानीय गांव के पास नहर से बरामद हुआ है। उसका शव पानी से लबालब भरे नहर में उतराया था। ग्रामीणों की जब नजर इस शव पर पड़ी। तब यह खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। इसके बाद स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मृतक की पहचान खैरही गांव के लक्ष्मण सिंह के 30 वर्षीय पुत्र महेंद्र सिंह के रूप में की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वह रविवार की शाम को घर से खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकला था, लेकिन लौटकर नहीं आया। जब वह रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी खोज बिन शुरू किए। संभावित जगह तथा रिश्तेदारी में भी पता लगाया गया लेकिन कही भी उसकी जानकारी नहीं मिल सकी थी। इसी बीच गुरुवार को नहर में शव मिलने की सूचना पर उसके परिजन दौड़े भागे वहां पहुंचे और शव की पहचान महेंद्र के रूप में कर विलाप करने लगे। ग्रामीणों की मानें तो उसे वर्ष पहले मृतक एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था जिसके बाद से वह मानसिक रूप से काफी सुस्त रहता था। मृतक शादी शुदा था तथा उसके चार बच्चें भी है। पारिवारिक सूत्रों की मानें तो उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने मायके गई हुई थी, इसी बीच यह अनहोनी हो गई। कोरान सराय थानाध्यक्ष अभय सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिजन अभी तक इस मामले में किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराए हैं। यदि परिजनों की ओर से कोई भी शिकायत दर्ज करायी जाएगी। तब उस परिस्थिति में पुलिस सभी बिन्दुओं पर अनुसंधान करेंगी। ताकि स्थिति साफ हो सके।

चोरी की मोबाइल के साथ स्टेशन पर पकड़ा गया चोर

बक्सर। दानापुर रेल मंडल के स्थानीय स्टेशन स्थित प्रतीक्षालय में आराम फरमा रहे एक यात्री का कीमती मोबाइल चोरी हो गया। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक व पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार के निर्देश पर टीम गठित कर ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत सामान की चोरी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। जिसमें टीम को चोरी की उस मोबाइल को बरामद करने में सफलता मिल गई। गिरफ्तार आरोपित अक्षय कुमार शहर के किला मैदान का निवासी है। आरपीएफ द्वारा अग्रिम कार्रवाई हेतु उसे जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ के मुताबिक वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रकाश कुमार पंडा के आदेशानुसार ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत टीम गठित कर अभियान शुरू किया गया।

चोरों का खौफ : दो दिनों के अंदर शहर से सात मोटरसाइकिल चोरी

केटी न्यूज/बक्सर

शहर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। नतीजा यह है कि चोर हर दिन बाइक गायब कर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं, लेकिन वे पकड़ में नहीं आ रहे हैं। जिसका अंजाम यह है कि लोग बाइक लेकर चलने में सहमे रहते हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दो दिनों के अंदर बाइक चोरी की सात प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिनमें सोहनीपट्टी निवासी शशि शर्मा, बुधनपुरवा निवासी राजू माली, नई बाजार के पिंटू कुमार यादव, शिवपुरी के आनंद प्रकाश व सिविल लाइंस के विक्रम कुमार शामिल हैं। इनकी मोटरसाइकिल अलग-अलग जगहों से चोरी हो गई है। जानकारी के मुताबिक शशि शर्मा की हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल उनके सोहनीपट्टी स्थित आवास के पास खड़ी थी। रात को चोरों ने गायब कर दिया। इसी तरह राजू माली की मोटरसाइकिल शहर स्थित बंधन बैंक के पास से, पिंटू कुमार यादव की बाइक चरित्रवन स्थित नाथ बाबा मंदिर के पास से, आनंद प्रकाश की बड़ा बाजार मोड़ स्थित केला गोदाम के पास से तथा विक्रम कुमार की बाइक बाईपास रोड स्थित वैष्णवी क्लार्क इन होटल से चोरी हो गई है। वहीं दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि बाइक चोरी की घटना को पुलिस अपनी दस्तावेज में लिख लेती है। परंतु उसके बाद उसकी खोजबिन नहीं करती है। ऐसे में बाइक चोरों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है और वह ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

थाने में जब्त शराब की हेराफेरी मामले में ब्रह्मपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष को कोर्ट से मिली राहत

केटी न्यूज/बक्सर

पिछले साल के चर्चित ब्रह्मपुर थाना परिसर में जब्त शराब की हेराफेरी मामले में मुख्य अभियुक्त बनाए गए ब्रह्मपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी को पटना हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गया है। अग्रिम जमानत मिलने के बाद उन्होंने गुरुवार को बक्सर एक्सेस कोर्ट 2 में बंध पत्र भरा। इसके बाद उनके अधिवक्ता सत्य प्रकाश पांडे ने बताया कि इस मामले के अनुसंधान में मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज हम कड़ी साबित हो सकती है। उन्होंने इन दोनों चीजों को जांच में शामिल करने की मांग की है और बताया है कि अन्वेषण के दौरान दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। गौरतला भाग्य एक कंटेनर से जब तक शराब को थाना के माल खाने से बाहर दूसरे कमरे में मिस यूज के उद्देश्य से रखा गया था। इसी दौरान रात में डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ब्रह्मपुर थाना का निरीक्षण करने पहुंच गए थे। निरीक्षण का क्रम में उन्होंने माल खाने से बाहर थाना परिषद में एक बोरी में छिपकर शराब रख पाया तो इसे गंभीर मामला बताते हुए थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी समेत छह पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया था। जब की तत्कालीन थाना अध्यक्ष बैजनाथ चौधरी को मुख्य अभियुक्त बनाते हुए एफआईआर भी दर्ज किया गया था। इधर शराब के मिसयूज मामले आरोपित किए गए पूर्व थाना अध्यक्ष बैजनाथ चौधरी की माने तो जिस दिन थाना परिसर में शराब बरामद हुआ था उसे दिन में जिला से बाहर एक केस की गवाही देने गए थे। ऐसे में इस मामले में उन्हें आरोपित किया जाना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने बताया कि जांच में उनके बातों की पुष्टि हो जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्हें न्यायालय पर भरोसा है।

डुमरांव सीओ के लिखित आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने लिया निर्णय

कैसरे हिन्द की जमीन अतिक्रमण के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

- सार्वजनिक संपत्ति बचाओ मंच के बैनर तले छह मार्च से चल रहा था धरना

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव में कैसरे हिन्द की जमीन के अतिक्रमण के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति बचाओ मंच के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को सीओ शमन प्रकाश के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। धरना समाप्त करने के दौरान मंच ने यह चेतावनी भी दिया है कि यदि उक्त जमीन की घेराबंदी या निर्माण कार्य फिर से शुरू हुआ तो इस बार उसे जमीन पर ही धरना दिया जाएगा। बता दे की डुमरांव के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के पास स्थित कैसरे हिन्द के करीब 42 कट्टे के भूभाग पर एक व्यक्ति द्वारा बंदोबस्ती के आधार पर घेराबंदी करवाया जा रहा था। धरना तेरा सामाजिक मंच का कहना था की जमीन केंद्र सरकार की जमीन है जिसके बंदोबस्ती का अधिकार एसडीओ या समाहर्ता के पास नहीं है। सीओ ने मंच को लिखित आश्वासन दिया है कि उक्त जमीन की मापी करवाई गई है तथा घेराबंदी कराने वाले पक्ष से कागजात की मांग की गई है, कागजातों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सामाजिक मंच के बैनर तले पिछले छह मार्च से ही अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा था। गुरुवार को धरने का नौवा दिन था। आज धरने की अध्यक्षता रवि कुमार तथा मंच संचालन प्रिंस कुमार ने किया। जबकि, सभा मे नागेन्द्र मोहन सिंह, संदीप कुमार, बलिराम पांडे, ललन सिंह यादव, बलिराम सिंह, राधकिशुन, रिंकू यादव,भरत मुखिया, नन्दजी चौधरी, प्रदीप पासवान, सत्येंद्र यादव, तारकेश्वर पहलवान, सुरेंद्र पहलवान, बिहारी सिंह, नसीम अख्तर आदि उपस्थित रहे। अंत मे इस आंदोलन को गतिशील बनाये रखने वाले प्रदीप शरण के समापन भाषण से आंदोलन जांचोपरांत तक स्थगित करने की घोषणा की गई।

चौसा में प्रशासन का फरमान बेअसर, किसानों ने किया अर्द्धनग्न प्रदर्शन

चौसा। प्रशासन के अल्टीमेटम के बाद भी किसान अपनी मांग पर अडिग हो, धरना पर बैठे रहे। इसको लेकर गुरुवार को प्लांट के मुख्य गेट के पास अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया गया। वही, प्रदर्शन में जिला प्रशासन पर आक्रोश जताया। किसानों ने कहा जबतक उनकी मांग पर कोई सुनवाई नही की जाती वे डरने वाले नही है। उनका धरना जारी रहेगा। इनलोगों द्वारा बार-बार अपनी बात दुहराया जा रहा धरना प्रदर्शन हटा लिया जाय, आखिर किस बात पर वे धरना हटा लें। प्रशासन ने बार-बार वादा कर एक भी बात को सत्य साबित नही करा पाया तो, किस बात पर उनका विश्वास किया जाय। वही, जिला प्रशासन ने सीधे तौर पर कहा है कि न्यायालय के निर्देश के आलोक में निर्देश का अवमानना है। किसी भी हालत में कार्य बाधित नही किया जाना है। वही, प्रशासन द्वारा पत्र जारी कर सड़क से लेकर मुख्य गेट तक 144 धारा लागू कर दी गई है, जहा कहा गया है कि मुख्य गेट से सड़क तक इस स्थल पर कोई धरना प्रदर्शन नहीं की जानी है। साथ ही 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

एक नजर

बिजली चोरी में चार पर एफआईआर

बक्सर। विद्युत कंपनी की टीम ने शहर के विभिन्न जगहों पर छापेमारी की। जिसमें अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते चार उपभोक्ता पकड़े गए। पकड़े जाने वालों में मठिया मोड़ स्थित गली में रहने वाली राजमुनी देवी, पति बृज बिहारी चौधरी, शिवमुनी प्रसाद, पिता शिवव्रत प्रसाद, शिवजी प्रसाद, पिता शिव्रत प्रसाद एवं गणेश चौधरी, पिता गोपाल चौधरी आदि शामिल हैं। इनके द्वारा स्मार्ट मीटर के आगत तार में टोका फंसाकर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। टीम द्वारा उक्त सभी लोगों पर जुर्माना के साथ ही नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

अवैध वसूली का दुष्प्रचार निराधार: डॉ निभा

बक्सर। नगर के चीनी मिल में संचालित एलबीटी कॉलेज प्रबंधन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि निराधार तथ्यों के आधार पर छात्रों से विकास शुल्क के नाम पर अवैध वसूली का दुष्प्रचार किया जा रहा है। जिसका कॉलेज प्रबंधन ने खंडन किया है। प्रभारी प्राचार्या डॉ. निभा कुमारी ने स्नातक खंड के तीनों संकायों कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय का शुल्क विवरणी सलग्न किया गया है। उन्होंने बताया कि स्नातक खंड-111 के छात्रों के अनुरोध पर छात्र हित को ध्यान में रखते हुए कुल निर्धारित शुल्क में लगभग 750/-रू0 की कटौती कर शेष राशि छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया गया है। एलबीटी कॉलेज के लिए छात्र हित सर्वोपरि है। इस कॉलेज में अध्ययन के लिए आधारभूत संरचना यथा स्वच्छ परिसर, शुद्ध पेयजल, सुसज्जित लैब एवं लाईब्रेरी तथा वेन्टिलेटेड एवं प्रकाश युक्त क्लास रूम की व्यवस्था है। निराधार एवं तथ्य विहीन सूचनाओं के आधार पर कॉलेज की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकोत्तर कर्मचारियों के बीच निराशा कायम हो गई है। सदैव छात्र हित को सर्वोपरि मानकर तत्पर रहने के बावजूद कुछ लोगों के दुष्प्रचार से महाविद्यालय की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. निभा कुमारी ने बताया गया कि छात्र-छात्राओं के लिए कॉलेज में उत्कृष्ट स्तर की शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए कॉलेज निरंतर प्रयासरत है।

नदांव में मिला युवक का सिर कटा शव

बक्सर। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नदांव स्थित रेलवे ट्रैक के नजदीक गुरुवार को एक युवक का शव बरामद हुआ। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की भरसक कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। लिहाजा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। शव की बरामदगी की सूचना के बाद नदांव समेत आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई और उसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. मृतक के शरीर पर एक मटमैला रंग का फूलपैंट एवं सफेद शर्ट था। उसकी आयु तकरीबन 40-45 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक शव से सिर व धड़ पूरी तरह अलग हो गया था। समझा जाता है कि यह घटना युवक का ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। इस संबंध में पुलिस छानबीन कर रही है। रेलवे ट्रैक के नजदीक शव को ग्रामीणों ने देखा। इसके बाद उनकी सूचना पर रेल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पड़ताल प्रारंभ की गई। जिसमें शव रेल पुलिस के क्षेत्र से बाहर होने की पुष्टि हुई। क्षेत्र को लेकर रेल पुलिस व मुफ्फसिल पुलिस के बीच काफी मत्थापच्ची हुई। इसके बाद मामला मुफ्फसिल थाना के क्षेत्राधीन होने की पुष्टि हुई।

79 बोतल अंग्रेजी शराब किया बरामद

नावानगर। स्थानीय पुलिस ने होली त्योहार को लेकर रंग में भंग डालने वाले शराब तस्करों पर तेजी से नकेल कसने में जुट गए हैं। बुधवार की देर शाम एवं गुरुवार की सुबह अलग - अलग जगहों से पुलिस ने 79 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जबकि दो तस्कर की पहचान कर नामजद एफआईआर दर्ज की है। गिरफ्तार तस्कर चनवथ गांव निवासी सरोज कुमार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से 4 पीस फ्रुटी बरामद हुई थी। वही कतिकनार गांव के अंतु सिंह के दलान से 750 एमएल के 15 पीस अंग्रेजी शराब पुलिस के हाथ लगी है। वही गुप्त सूचना पर एक निजी बस से 750 एमएल के 60 पीस अंग्रेजी शराब को पुलिस ने बरामद किया है। बताया जाता है कि सूचना पर पुलिस ने थाना के समक्ष टाटा से बक्सर चलने वाली निजी बस को रोक तलाशी लिया। तलाशी में बस के डिक्की में रखे बोरी के अंदर कार्टून को खोलकर देखा, तो उसमें अंग्रेजी शराब की खेप थी। इधर बस रुकने के साथ पुलिस देखकर उसमें सवार सभी लोग बस से बाहर निकलने लगे तभी मौके देखकर तस्कर भी निकलकर फरार हो गया। बाद में बस टिकट के आधार पर पुलिस ने कृष्णाब्रहम थाना क्षेत्र के ढकाईच निवासी दीपक कुमार दुबे पर प्राथमिक की दर्ज किया है। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि फरार दो गांव के शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

16 मार्च को लगेगा नियोजन मेला

बक्सर। श्रम संसाधन विभाग एवं जिला नियोजनालय के तत्वाधान में 16 मार्च को संयुक्त श्रम भवन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बक्सर के परिसर में आयोजित किया गया है। एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन सिनोया गियर्स-ट्रांसमीशन प्राइवेट लिमिटेड भाग लेगी। जहां नियोजन शिविर में निर्धारित 18-40 आयु वर्ग के बेरोजगार युवा शामिल हो सकेंगे। 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा इत्यादि योग्यताधारी युवक को मशीन ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति की जायेगी। नियोक्ता ने कुल 50 पदों की रिक्तियां दशार्यी है। नियोक्ता प्रतिमाह 14450 से 17000 प्रति महीना के अलावे कैटिंग, हॉस्टल, बस की सुविधा देने की बात कही गयी है।

अवैध चालान और ओवरलोडिंग में बालू लदे 80 ट्रक व ट्रैक्टर जब्त

- डीएम और एसपी के नेतृत्व में गुरुवार अहले सुबह टीम ने बोला धावा
- आरा पटना और आरा-छपरा फोरलेन पर की गई छापेमारी
- जब्त वाहनों से चार करोड़ से अधिक फाइन वसूलने की तैयारी

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गयी है। इसके तहत गुरुवार अहले सुबह जोरदार अभियान चलाया गया। डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में टीम द्वारा ओवरलोडिंग और अवैध चालान के आरोप में बालू लदे 80 ट्रक व ट्रैक्टर जब्त किये गये। जब्त वाहनों से फाइन वसूलने की तैयारी की जा रही है। चार करोड़ से अधिक फाइल वसूले जाने की संभावना है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे ही प्रशासन की टीम द्वारा आरा-पटना और आरा-छपरा फोरलेन पर धावा बोल दिया गया। उस दौरान अवैध चालान और ओवरलोड 80 से अधिक ट्रक एवं ट्रैक्टर जब्त किए गए।

अवैध पार्किंग का भी मामला सामने आया। टीम में एसडीओ ज्योति नाथ शाहदेव, एएसपी परिचय कुमार, जिला खनन पदाधिकारी और एसएसबी के कमांडेंट सहित काफी संख्या में पुलिस कर्मी शामिल थे। एसपी ने बताया कि धंधे में शामिल अपराधी और माफिया तत्वों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए राजस्व वसूली की जाएगी। साथ ही नए अपराध नियंत्रण के तहत कार्रवाई भी की जायेगी। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। इधर, प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन के धंधे में जुड़े लोगों में खलबली मची रही।

एक नजर

आवेदकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन, कहा जल्द से जल्द पूरी हो नियुक्त प्रक्रिया

औरंगाबाद । वर्ष 2009 में कार्यालय परिचारी एवं परिचारी (विशिष्ट) के पदों पर नियुक्ति के लिए ज़िला समाहरणालय द्वारा विज्ञापन प्रकशित

किया गया था जिसमें ज़िले के कुल 747 आवेदकों ने आवेदन किया था जिसमें 450 आवेदनों को स्वीकृत किया गया था जबकि 297 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है। इस दौरान वर्ष 2023 में ज़िला प्रशासन द्वारा पुनः विज्ञापन प्रकशित किया गया था जिसमें बताया गया कि आवेदकों को पुनः आवेदन करना होगा जिसमें आवेदकों ने तय मानदंडों के अनुसार आवेदन किया। लेकिन इसके बावजूद मामले में जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न होने पर आज आवेदकों ने सांसद सुशील कुमार सिंह ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। साथ ही उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन हम लोगों को नजर अंदाज कर रही है, मामले में पूछे जाने पर कोई स्पष्ट जवाब नही मिल रहा है। ऐसे में आज स्थानीय सांसद को ज्ञापन सौंपा है ताकि सांसद के प्रयास से ससमय नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। इस दौरान धनंजय कुमार एवं अरविंद यादव ने बताया कि मामले में दो पैनल बनाएं गए थे जिसमें अब तक कई आवेदकों को सेवा बहाल किया जा चुका है जबकि शेष लोगों जिला प्रशासन की मनमानी का दंश झेलना पड़ रहा हैं। उन्होंने जल्द से जल्द रिक्तियां पूरी करने की मांग की हैं। कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, साथ ही मानदंडों के अनुसार उम्र समस्या हो रहा हैं। इस मौके पर राहुल सिंह, दीपक ठाकुर, सुजीत सिंह, उदय ठाकुर, जितेंद्र कुमार, मनोज ठाकुर, जितेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

स्कॉर्पियो की ठोकर से बाइक सवार पटना और अरवल के तीन दोस्त जख्मी

जहानाबाद। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव के समीप बुधवार की शाम स्कॉर्पियो ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज आरा अस्पताल में कराया गया। घायलों में पटना के विक्रम थाना क्षेत्र के बलिहारी गांव निवासी देव कुमार, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी कश्मीर पासवान और अरवल के कलेर थाना क्षेत्र के नवादा गांव मिथिलेश पासवान है। परिजनों ने बताया कि मिथिलेश पासवान की साली की शादी थी।उसे लेकर बुधवार को वह अपने ससुराल उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव गया था। गुरुवार की शाम वह अपने दोस्त कश्मीर पासवान और देव कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर बेलाउर की ओर जा रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

बाइक की ठोकर से मुंडन से लौट रहे दंपती जख्मी, पति पटना रेफर

आरा। इनगर थाना क्षेत्र के सिंगही मोड़ के समीप बुधवार की शाम दो बाइक की टक्कर हो गई। उसमें एक बाइक पर सवार रिटायर फौजी और उनकी पत्नी जख्मी हो गयी। इनमें फौजी सिकंदर तिवारी को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों में दानापुर थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ निवासी सिकंदर तिवारी और उनकी पत्नी मीरा देवी शामिल हैं। दोनों मूल रूप से बिहिया थाना क्षेत्र के गरेया गांव के रहने वाले हैं। मीरा देवी ने बताया कि बुधवार को अपने मामा की नतनी के मुंडन में शामिल होने के लिए वह अपने पति सिकंदर तिवारी के साथ बुलेट बाइक से धोबहां थाना क्षेत्र के महुली घाट गई थी। मुंडन समारोह समाप्त होने के बाद दोनों दानापुर लौट रहे थे। तभी सिंगही मोड़ के समीप पीछे से आ रहे दूसरी बाइक सवार ने उनके बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी।

खबरें फटाफट

शराब मामले में धंधेबाज गया जेल

औरंगाबाद । मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप रिसियप थाना की भी पुलिस द्वारा से थाना अंतर्गत से 50 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया है। साथ ही मामले में एक धंधेबाज को गिरफ़्तार किया गया है जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी उपेंद्र कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है।

चोरी गई दो बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार, जेल

औरंगाबाद। चोरी गई दो बाइक के साथ एक आरोपित को रफीगंज थाना की पुलिस द्वारा गिरफ़्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित कोना बिगहा गांव निवासी धनंजय कुमार हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी गई दो बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

बोलरो से देसी शराब की बड़ी खेप बरामद , दो शराब माफिया गए जेल

औरंगाबाद। शराब मामले में मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की हैं जिसमें दो शराब माफिया को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के बेल इमामगंज गांव निवासी पिंटू कुमार एवं राजू रंजन के रूप में की गई है। इनके पास से एक बोलेरों एवं बाइक के अलावा 345.600 देसी शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि थाना क्षेत्र के कुंडा गांव में छापेमारी की गई जिसके फलस्वरूप देसी शराब की बड़ी खेप बरामद किया गया है। साथ ही पकड़े गए शराब तस्करों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

गजराजगंज थाना क्षेत्र के पकड़ियाबर गांव की गुरुवार की दोपहर की घटना

रिसेप्शन में नर्तकी से छेड़खानी करने का विरोध करने पर वकील के भाई को मारी गोली,गंभीर

- बुधवार की रात रिसेप्शन में नाच के दौरान हुआ था विवाद, गुरुवार दोपहर मारी गयी गोली
- घटनास्थल से मिले पांच खोखा और एक गोली

केटी न्यूज/आरा

गजराजगंज ओपी क्षेत्र के पकड़ियाबर गांव में गुरुवार की दोपहर एक अधिवक्ता के भाई को गोली मार दी गयी। बुधवार की रात रिसेप्शन में डांसर से छेड़खानी का विरोध करने पर गुरुवार को इस वारदात को अंजाम दिया गया है। गोली अधिवक्ता के भाई के बाएं पैर में पंजे पर लगी है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज सदर आरा अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी पकड़ियाबर गांव जीतेंद्र कुमार के 48 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार हैं। वह पेशे से किसान हैं।परिजनों की ओर से नवादा और पकड़ी निवासी नंदन कुमार सिंह सहित सहित तीन लड़कों पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल से पांच खोखे और एक गोली भी मिली है।

इधर, दिनदहाड़े फायरिंग की घटना से गांव में सनसनी मच गई है। सूचना मिलने पर ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन की। उसके बाद ओपी इंचार्ज सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी से घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है। उसे लेकर एसपी की ओर से एक टीम भी गठित की गयी है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि पकड़ियाबर में मनोज कुमार नामक युवक को नंदन कुमार और उनके दोस्तों द्वारा पैर में गोली मारे जाने की सूचना मिली। उस पर पुलिस तुरंत पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना व उनके परिजनों से पूछताछ पर और प्राथमिक जांच में पता चला कि बुधवार की रात मनोज कुमार के भाई की शादी में नृत्य का प्रोग्राम था। उसमें कुछ विवाद हुआ था। उसी में गुरुवार को मनोज कुमार और नंदन कुमार एवं उसके दोस्तों में विवाद हुआ। उसी के क्रम में मनोज कुमार के पांव में गोली मार दी गई। अभियुक्त का नाम और पते का सत्यापन कर लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। छापामारी आरंभ कर दी गई है।जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

भाई बोला... दरवाजा खुलवाने के बाद मारी गयी गोली

पकड़ियाबर गांव निवासी अधिवक्ता अमित कुमार ने बताया कि उनके छोटे भाई सुमित कुमार की शादी के बाद बुधवार की रात रिसेप्शन था। उसमें उन्होंने नवादा गांव निवासी नंदन कुमार सिंह को निमंत्रण दिया था। रिशेप्शन में नंदन सिंह अपने साथ दो अन्य दोस्तों को भी लेकर आया था। रिसेप्शन में नाच प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। नाच के दौरान नंदन सिंह और उसके साथ आए दोनों साथी द्वारा नर्तकी के साथ बदतमीजी और छेड़छाड़ की जाने लगी। विरोध किया गया, तो उनके बीच कहासुनी हुई। हालांकि बुधवार की रात बात खत्म हो गई थी। गुरुवार दोपहर तीनों उनके घर आए और दरवाजा खुलवाकर उनके बड़े भाई मनोज कुमार गोली मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। अमित कुमार ने नवादा निवासी नंदन कुमार सिंह, गुप्पू और पकड़ी निवासी सोनू पर रिसेप्शन में नर्तकी के साथ बदतमीजी करने व विरोध करने पर भाई को गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

जमीन के विवाद में चाचा ने भतीजे को मारा चाकू, पिता पर भी आरोप

आरा। गजराजगंज ओपी क्षेत्र के चौकीपुर गांव में बुधवार की शाम जमीन के विवाद में चाचा ने भतीजे को चाकू मार दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा। जख्मी चौकीपुर गांव निवासी श्याम जी पासवान का 25 वर्षीय पुत्र करण पासवान है। उसने बताया कि उसके पिता ने दो शादियां की है। उनकी पहली शादी उसकी मां मनिया देवी से हुई है और वह अपने मां का इकलौता पुत्र है। उसके पिता की दूसरी शादी रेणु देवी नामक महिला से की है। उन्हें तीन पुत्र हैं। उसके पिता द्वारा संपत्ति में उसे कोई हिस्सा नहीं दिया गया। कुछ दिन पूर्व उसने उनके घर के बगल में ही जमीन खरीदी है। उसके पिता द्वारा कहा जा रहा है कि उनके मकान के बगल में जमीन मत खरीदो। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम वह अपनी जमीन पर गया हुआ था। तभी उसके पिता व चाचा आ गए और गाली-गलौज करने लगे। उसने विरोध किया, तो उनके बीच कहासुनी होने लगी। उसके बाद उसके पिता ने उसे पकड़ लिया और चाचा नंदजी पासवान द्वारा उसे चाकू मार दिया गया। उसने चाचा पर मारपीट करने के दौरान सोने की चैन और पैसे छीनने का भी आरोप लगाया है।

केंद्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा लोग हुए आत्मनिर्भर

केटी न्यूज/औरंगाबाद

बिहार के गौरवशाली इतिहास एवं उपलब्धियों पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह सांसद प्रताप सरंगी ने प्रेस को संबोधित करते हुए चर्चा की हैं। इस दौरान श्री सारंगी ने ज़िला अतिथि गृह औरंगाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि यह धरती माता सीता की जन्म स्थली है, यही वह जगह हैं जहां भगवान गौतम को बुद्ध और मोहनदास जी महात्मा गांधी बने। यह वह देव भूमि हैं जो भारत के आजादी की लड़ाई में चेतना का प्रण फूक दिया और नई चेतना का संचार हुआ। यह सत्याग्रह और क्रांति की धरती हैं। यह जय प्रकाश नारायण एवं कपूर्री ठाकुर की धरती है। यहां के वीर सपूतों की चर्चा के बिना आजादी की कहानी अधूरी रहेगी। चाहे वीर कुंअर सिंह हो या फिर खुदीराम बोस हो, जिन्होंने अपने प्राण न्यौछावर किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विकास

योजनाओं से लोगों की आत्मनिर्भरता बढ़ी हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 36 लाख से ज्यादा लोगों को पक्के मकान मिले। शहर के अंतर्गत 1 लाख 12 हजार से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला। आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जिसमें 87 लाख से अधिक लाभार्थियों का कार्ड बना हैं। यहां का देव सूर्य मंदिर और उड़ीसा का कोणार्क सूर्य मंदिर ऐतिहासिक मंदिर है। इसका कीर्तिमान विश्व में स्थापित हैं।

55 लीटर शराब के साथ महिला-पुरुष गिरफ्तार

केटी न्यूज/औरंगाबाद

उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर एसआई मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई के फलस्वरूप 55 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। साथ ही मामले में एक महिला एवं पुरुष को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान नगर थाना क्षेत्र के अदरी नदी किनारे डोम टोली अंतर्गत बस पड़ाव निवासी अशोक कुमार के रूप में की गई है, वहीं महिला की पहचान सबिता देवी के रूप में की गई है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के बस पड़ाव के समीप की गई। जहां करीब तीन से चार बोरे में शराब रखी गई थी जिसमें पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी की और शराब को जब्त किया है, तलाशी के दौरान 55 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई के फलस्वरूप एक महिला-पुरुष को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछ-ताछ में धंधेबाज ने बताया कि उक्त शराब को होली के मद्देनजर स्टॉक किया जाना था और महंगे दामों पर बेचा जाता। लेकिन इसके पुर्व शराब पकड़ा गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उत्पाद विभाग के कई जवान शामिल थे।

एसडीपीओ ने चुनाव के मद्देनजर अंतर्राज्यीय समन्वय पर दिया जोर

केटी न्यूज/औरंगाबाद

लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए बिहार व झारखंड पुलिस ने अंतरराज्यीय समन्वय पर जोर दिया। इसके मद्देनजर औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अध्यक्षता में झारखंड से सटे बॉर्डर इलाकों के थानाध्यक्ष के साथ बैठक की। इस बैठक में अंबा, कुटुंबा, नवीनगर, टंडवा, ढिबरा थाना के अलावा झारखंड प्रदेश के हरिहरगंज एवं छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ की गई।

इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई व समीक्षा की गयी जिसमें औरंगाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि यह बैठक दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने के लिए हुई। लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस की प्राथमिकता होगी की वोटर निडर और निष्पक्ष होकर अपना वोट कर सकें। बिहार- झारखंड सीमा पर चेक पोस्ट बनाये जायेंगे, जिससे अवैध शराब, हथियार या अवैध पैसों की आवाजाही पर नकेल कसा जा सकेगा। सीमावर्ती क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने पर विस्तार से चर्चा हुई और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए रणनीति बनायी गयी। इस दौरान लंबित वारंटों की समीक्षा कर झारखंड के अपराधी यदि बिहार में और बिहार के अपराधी यदि झारखंड में शरण लिये हुए हैं, तो उनकी गिरफ्तारी करने को लेकर अभियान चलाने पर सहमति बनी।

खबरें फटाफट

सागरपाली के प्रधान का पावर सीज

बलिया। डीएम रविंद्र कुमार ने 1.08 लाख के गबन में हनुमानगंज ब्लॉक के अराजी माफी सागरपाली के प्रधान का पावर सीज कर दिया है। साथ ही ग्राम प्रधान पद के संचालन के लिए डीएम ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। वहीं, प्रकरण का अंतिम जांच अधिकारी मुख्य पशु चिकित्सक डॉ. एसके मिश्र को नामित किया है। 2022 में अराजी माफी सागरपाली निवासी रत्नेश रंजन सिंह ने गांव की प्रधान कमलावती पर हैंडपम्प रीबोर में भारी अनियमितता की शिकायत करते हुए प्रकरण की जांच की मांग डीएम से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने प्रथम जांच अधिकारी जिला पूर्ति को नामित किया था। प्रधान को धन के दुरूपयोग का दोषी मानते हुए डीएम ने प्रधान का पॉवर व खाता सीज कर दिया। साथ ही लक्ष्मी देवी, बबीता व निशा की तीन सदस्यीय टीम गठित कर गांव के विकास कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है।

हरी झंडी दिखाकर बीडीओ ने किया अभियान का शुभारंभ

गाजीपुर । जखनियां ब्लाक परिसर से स्वच्छता वैन को खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता वैन जखनियां विकास खंड के नब्बे गांव में जाएगी और लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भारत को स्वच्छ बनाने के लिए जागरुक करेंगे। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि कचरा प्रबंधन से लेकर मल-मूत्र से संबंधित जानकारी, खुले में शौच के दुष्प्रभाव की सम्पूर्ण जानकारी, घरों से निकलने वाला सूखा-गीला कचरा सहित आदि पदार्थ के ठोस निपटारा के बारे में लोगों को टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक करेगी। जखनियां ब्लाक के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को घरेलू शौचालय से लेकर सामुदायिक शौचालय और गांव-गांव में कूड़ा कचरा रखने के लिए अपशिष्ट पदार्थ का टीन शेड घर भी बनाया जा रहा है।

चुनावी प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल होता है धान का कटोरा

- जीता तो मैदान में,हार के बाद छोड़ देते हैं मैदान
- राजनीतिक दल भी हार के बाद नहीं लगाते दांव

केटी न्यूज/चंदौली

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक मिजाज मौसम की तरह उतार चढ़ाव पर है। अभी चुनावी रण के लिए शंखनाद नहीं हुआ है। लेकिन, राजनीतिक दल अपने सेनापति मैदान में उतार रहे हैं। चुनावी चचाओं का बाजार गर्म है। धान के कटोरे के रूप में विख्यात चंदौली जनपद के संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक बयार तेजी से बढ़ रही है। राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। लेकिन यह संसदीय क्षेत्र प्रत्याशियों के चुनावी प्रयोगशाला के रूप में विकसित हो रहा है। अब तक के हुए लोकसभा चुनाव के इतिहास का रिकार्ड खंगाले तो मिलता है कि एक बार हारने वाला उम्मीदवार दोबारा मैदान में नहीं आ सके। निर्दलीय और छोटे दलों का यही हाल रहा है। राम मनोहर लोहिया रहे हों या राम किशुन या फिर आनंद रत्न मौर्य रहे या जवाहर लाल जायसवाल। टिका वही रहा जो जीतता रहा। चंदौली संसदीय सीट का अपना राजनीतिक इतिहास का रिकार्ड है। यहां से जीते राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने राष्ट्रीय राजनीति में भी अपनी भूमिका निभाई। इस संसदीय क्षेत्र से सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को मतदाताओं ने मौका दिया है।

कभी स्थानीय तो कभी बाहरी को मिला टिकट

इस लोकसभा सीट पर प्रमुख दलों ने कभी स्थानीय तो कभी बाहरी लोगों को टिकट देकर अपना प्रत्याशी बनाया। राजनीतिक इतिहास की बात करें तो साल 1984 के बाद से कई बार मध्यावधि चुनाव हुए हैं। इससे चंदौली संसदीय क्षेत्र में किसी दल का कोई स्थायी उम्मीदवार नहीं रहा। कांग्रेस की बात करें तो जवाहर लाल जायसवाल,राजेश पति त्रिपाठी,अशोक सिंह,शैलेंद्र सिंह, तरुण पटेल,कांग्रेस समर्थित शिव कन्या कुशवाहा ने चुनाव लड़ा था,तो भाजपा से तीन बार सांसद रहे आनंद रत्न चुनाव हारने के बाद सपा में चले गए। उसके बाद शशिकांत राजभर, जवाहर लाल जायसवाल चुनाव हारने के बाद राजनीतिक परिदृश्य से गायब हो गए। तो समाजवादी पार्टी से आनंद रत्न मौर्य, रामकिशुन,संजय चौहान को मैदान में नहीं लाया गया।

1984 के बाद कांग्रेस के हाथ से कई सीट

कांग्रेस ने 1984 के बाद से एक बार जीत दर्ज नहीं की है तो भाजपा 1991 के चुनाव से मैदान में ताल ठोंक रही है। तीन चुनावों में उसे हार का सामना करना पड़ा। वहीं बहुजन समाजवादी पार्टी से कैलाश नाथ यादव एक बार जीते दूसरी बार हार गए फिर मैदान में नहीं उतारे गए। वहीं अनिल कुमार मौर्य 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद से इस संसदीय क्षेत्र के परिदृश्य से गायब हो गए। वहीं अन्य राजनीतिक दलों का भी यही हाल रहा है।दोबारा या तीसरी बार जीते हुए उम्मीदवार पर ही दांव लगाया गया। बदलते राजनीतिक परिदृश्य में राजनीतिक दल भी प्रयोग कर रहे हैं। कहीं के उम्मीदवार को कहीं से लड़ा रहे हैं। इससे कार्यकताओं को भी असमंजस का सामना करना पड़ता हैं। इस क्षेत्र से डा. राम मनोहर लोहिया भी चुनाव लड़े थे। हार के बाद से वह यहां के राजनीतिक परिदृश्य से गायब हो गए। यह संसदीय क्षेत्र एक तरह से प्रत्याशी प्रयोगशाला के रूप में भी विकसित हुआ है। जहां हार के बाद उम्मीदवार दोबारा जाने की जहमत नहीं उठाए।हालांकि दल बदल कर भले ही चुनाव मैदान में आए। कोई एक अपवाद हो सकता है। अबचुनावी दौर शुरू हो चुका है। जनता अगले नुमाइंदे को चुनने के लिए इंतजार में बैठी है। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दलों से अपनी जीत पक्की करने के लिए अपने उम्मीदवारों को चुनाव करने में जुट गई है। ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं को लुभा कर अपनी जीत सुनिश्चित कर सके। अब यह देखना है कि आगमी चुनाव में ऊंट किस ओर बैठता है।

डीएम ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश... जल्दी निपटाएं कार्य

- डीएम ने नकल नवीस काउंटर पर जाकर कर्मचारियों से रोजाना नकल जारी करने की संख्या और पेंडिंग मामले की ली जानकारी
- डीएम ने प्रत्येक फाइलों की नंबरिंग करने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/ बलिया

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंग्ल अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग, प्रपत्र गृह, सीलिंग अनुभाग, राजस्व अभिलेखागार, भूलेख अनुभाग और सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में जाकर वहां के कामकाज और फाइलों के उचित रख रखाव की व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीएम ने सर्वप्रथम आंगल अभिलेखागार में जाकर वहां काम कर रहे कर्मचारियों (ईआरके, एईआरके) से विभिन्न विभागों से रोजाना भेजे जाने वाले और प्राप्त होने वाले डाक पत्रों की प्रक्रिया, कितने समय की फाइले हैं आदि के बारे में जानकारी ली और सेक्शन वाइज रखी फाइलों को देखा। इसके बाद राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान डीएम ने नकल नवीस काउंटर पर जाकर कर्मचारियों से रोजाना नकल जारी करने की संख्या और पेंडिंग मामले की जानकारी ली। फोटोकॉपी मशीन खराब मिलने पर डीएम ने राजस्व अभिलेखागार प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट को दो दिनों के अंदर मशीन की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। तत्पश्चात रिकॉर्ड रूम में जाकर रखी गई फाइलों को रखने की व्यवस्था को परखा। इसी प्रकार डीएम ने भूलेख अनुभाग का निरीक्षण कर एलआरसी और डीएलआरसी को निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों से जितनी भी पत्रावली प्राप्त होती है, उसका अलग-अलग रजिस्टर बनाएं। साथ ही प्रत्येक फाइलों की नंबरिंग अवश्य कर दें। न्यायिक अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वादों के निस्तारण के बारे में जानकारी ली। सभी कार्य को दुरूस्त करने का निर्देश डीएम ने दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कार्य में किसी तरह की कोताही नहीं करें। निरीक्षण के दौरान सीआरओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

लोस चुनाव को लेकर पुलिस सख्त, रात्रि में भी चलाया अभियान

गाजीपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुहवल थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर बीती रात पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। सुहवल थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस ने लोगों से उनकी समस्याएं पूछा। इस दौरान अवैध तरीके से चलने वाले वाहनों व अवांछनीय तत्वों की भी तलाश की गई। वाहनों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बीस वाहनों का ई-चालान करने के साथ ही उन पर करीब सोलह हजार का जुमार्ना भी लगाया। इसके चलते वाहन चालकों में अफरा-तफरी मची रही। इस दौरान थाना प्रभारी ने हमराही पुलिस बल के साथ क्षेत्र अन्तर्गत ताड़ीघाट -बारा नेशनल हाई-वे, ढढनी -सुहवल मार्ग, गाजीपुर - जमानियां राजमार्ग, मलसा -ढढनी, कालूपुर - पटकनिया आदि मार्गों पर पैदल मार्च किया। प्रभारी निरीक्षक ने मातहतों को निर्देशित किया कि वे आने-जाने वाले हरेक लोगों व वाहनों की बारीकी से जांच करें। संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। पुलिस ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगों से आह्वान किया कि किसी तरह की समस्या या संदिग्ध दिखें तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

एक नजर

पुलिस ने पशु तस्करों का पकड़ा जखीरा

गाजीपुर। दुल्लहपुर थाने के देवा गांव के मोड़ पर गुरुवार को तड़के दुल्लहपुर थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह अपने हमराहियों के साथ रेवरिया से गश्त करके लौट रहे थे। तभी एक पिकअप वाहन पर पशु तस्कर लदे हुए दिखाई दिए। उन्होंने पशु तस्करों का पीछा किया। तभी देवा गांव मोड़ के पास पिकअप छोड़कर मौके से दो पशु तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप को हिरासत में लेकर चेकिंग किया तो छह बछड़ा मिले। जिसमें एक मृत गाय बरामद हुई। जिसमें दो अज्ञात पशु तस्करों पर कई मुकदमा दर्ज करते हुए मृत गाय को मेडिकल के बाद दफनाया गया। वहीं छह राशि बछड़ा और पिकअप को जब्त किया गया।दुल्लहपुर थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने कहा कि रात्रि गश्त के दौरान पशु तस्करों का पिकअप का पीछा किया गया तभी देवा गांव के पास पिकअप छोड़कर फरार हो गए ।पिकअप में एक गाय मृत पाई गई। 6 पशु बछड़ा बरामद हुई। जल्द अज्ञात पशु तस्करों की गिरफ्तारी की जाएगी।

किसानों को दी नैनो यूरिया की वृहद जानकारी

चंदौली। क्षेत्र के पचदेवरा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ केएन तिवारी वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं सलाहकार इफको द्वारा किसानों को नेनो डीएपी व नैनो यूरिया के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि किसान द्वारा अपने खेतों में इसका प्रयोग करके अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। इफको द्वारा तैयार किया गया एक उर्वरक है जिससे पौधों को विकास के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। साथ यह प्रोडक्ट किसान सेवा केंद्र के साथ-साथ एग्री जंक्शन पर उपलब्ध है। एक एकड़ के लिए 600 रुपये में नैनो डीएपी तथा नैनो यूरिया की कीमत 225 एक एकड़ के लिए उपलब्ध है। इसके उपयोग कम लागत में पौधों में डीएपी और यूरिया की उपलब्धता प्राप्त होगी। इस दौरान उन्होंने नैनो डीपी व यूरिया का प्रदर्शन प्रक्षेत्र का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक त्रिपाठी, सरोज कुमार सिंह, मयंक सिंह, अभिषेक यादव, दिग्विजय, अजीत सिंह, ब्रायन प्रताप सिंह, अरुण सिंह, मैगी प्रताप, भूपेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

पुलिस ने साइबर ठगी के रुपये वापस दिलाए

चंदौली। आनलाइन फ्राड के जरिए ठगी हुए 26 हजार रुपये को चंदौली पुलिस ने भुक्तभोगी को वापस लिया। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मुगलसराय के लाट नंबर दो निवासी विधि शर्मा को मोबाइल फोन पर साइबर ठगों द्वारा होटल के प्रमोद करने के नाम पर रिव्यू देने पर 50 रुपये प्रति रिव्यू देने का झांसा दिया गया। इसके बाद टेलीग्राम के जरिए जोड़कर विधि के एकाउंट से 26 हजार रुपये इन्वेस्टमेंट के नाम पर निकाल लिए गए। साइबर ठगी का शिकार होने के बाद पीड़िता ने बीते 15 जनवरी को साइबर सेल से सम्पर्क किया और प्रार्थना-पत्र देकर घटना से अवगत कराया। इसके बाद एसपी डा. अनिल कुमार के निर्देश पर साइबर क्राइम थाना को त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता विधि शर्मा को कुल 26 हजार रुपये की धनराशि वापस करायी।

पुलिस ने युवकों को लौटाया उनका सामान

चंदौली। सदर कोतवाली के ऑटो चालक अशोक गुप्ता सराहनीय कार्य किए जाने पर को गुरुवार एसपी डॉक्टर अनिल कुमार ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया। उसके इस कर की सराहना सभी लोगों ने की है वहीं खोए हुए सामान मिलने पर युवाओं ने बधाई दी। बताते हैं कि दो युवकों के गुम हुए 10 लेनोवो के टैबलेट कुछ ही घंटे में बरामद हो गए सर्वे में लगे युवकों का बैग ऑटो में छूट गया था छूते हुए बैग को ऑटो चालक ने सदर कोतवाल गगन राज सिंह को कोतवाली में पहुंचकर सौंप दिया। वही पुलिस ने युवकों को बुलाकर उनके टैबलेट सौंप दिए और एसपी की ओर से मिले प्रशंसा पत्र को टेंपो चालक को देते हुए कहा कि टेंपो चालक ने बहुत सराहनी कार्य किया है, वह बधाई का पात्र है।

गाजीपुर प्रज्ञा रेंजर टीम का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न

केटी न्यूज/ गाजीपुर

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर की प्रज्ञा रेंजर टीम का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इसके पूर्व काउंसिल की बैठक में रेंजर छात्राओं ने अपने क्रियाकलापों एवं आयोजन के परिणामों की गहन समीक्षा की। साथ ही उसके कारणों एवं समाधान पर विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्काउटिंग से जुड़ने के पश्चात रेंजर गतिविधियों से संबंधित अपने अनुभव एवं संस्मरणों भी साझा किया। रोली कुशवाहा, रिंकू यादव ने समागम के मूल्यांकन प्रणाली पर सवाल उठाया। तो रागिनी, अंकिता पांडेय एवं अर्चिता यादव ने रेंजरिंग के कारण जीवन एवं व्यक्तित्व में आए बदलावो को रेखांकित किया। इस अवसर पर डॉ विकास सिंह ने छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित किया तथा डॉ. शंभू शरण प्रसाद ने छात्राओं को अपनी कमियों पर ध्यान देने तथा उन पर काम करने पर विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक रेंजर प्रभारी डॉ शिव कुमार ने रेंजर लीडर समीना एवं उप लीडर रितु यादव के साथ प्राचार्य डॉ अनिता कुमारी को जनपद समागम एवं विश्वविद्यालय समागम की ट्रॉफी सौंपा। विद्युत हॉकी रेंजर टीम ने जनपद एवं विश्वविद्यालय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनीता कुमारी ने रेंजर्स को आगे बढ़ने अपने अधिकारों और विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने तथा एक दूसरे का सहयोग करते हुए सदैव सीखने की अपील की। आपके अनुसार कैंप के अनुभव पूरे जीवन भर काम आएंगे। इसके पूर्व रेंजर प्रभारी डॉ शिवकुमार ने रेंजर्स की वर्ष भर की गतिविधियों एवं उपलब्धियां को प्रस्तुत किया तथा टीम को आत्म मंथन करते हुए आगे बढ़ने का आवाहन किया । इसके पश्चात सभी छात्राओं को विभिन्न समागमों में प्राप्त मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र तथा प्रशिक्षण कैंप के प्रवेश प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

खो-खो बालिका वर्ग व वॉलीबाल बालक वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

केटी न्यूज/ गाजीपुर

जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में सीनियर वर्ग खो-खो बालिका वर्ग एवं वॉलीबाल बालक वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि संजय सोनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजीपुर ने किया। अरविन्द यादव क्रीड़ा अधिकारी ने बैज लगाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। खो-खो प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसका फाइनल मैच बीएसडी पब्लिक स्कूल रेवतीपुर बनाम नेहरू स्टेडियम के मध्य खेला गया। जिसमें नेहरू स्टेडियम गाजीपुर 05-02 से विजयी रही। इसी क्रम में वॉलीबाल प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। इसका फाइनल मैच जय हिन्द क्लब पसरदा बनाम तेतारपुर के मध्य खेला गया। जिसमें तेतारपुर 25-18 से विजयी रही। अवसर पर सर्वदेव सिंह यादव, ग्यासुद्दीन अहमद, नफीस अहमद, अवधेष सिंह, पारसनाथ सिंह, राधेश्याम सिंह यादव, लालबहादुर यादव, विजय, लालू सिंह यादव, शिवाजीत सिंह, विनोद शर्मा, शंकर राम, रामप्रताप सिंह, विमलेष सिंह, गोबिन्द यादव, अजित यादव, कु0 जुगनू अंकिता राय, सावित्री देवी, कु0 शिवानी राय एवं समस्त स्टाप उपस्थित रहें। अन्त में अरविन्द यादव, क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सभी आगन्तुओं एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

केवीएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की ओर से चलाया जाता है विशेष अभियान

5 साल में 6.5 हजार मरीजों का हुआ नि: शुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन

केटी न्यूज/ गाजीपुर

कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन के अन्तर्गत संचालित केवीएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में लगातार पांच वर्षों से मोतियाबिंद का आपरेशन निःशुल्क कराया जाता है। ग्रुप के चेयरमैन शिक्षाविद् डॉ. विजय यादव के सौजन्य से अबतक लगभग 6500 लोगों का आपरेशन किया जा चुका है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर बृहस्पतिवार को अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क आपरेशन, ऑपरेशन उपरांत मरीजों के रहने की व्यवस्था, उनके खाने की व्यवस्था व चश्मा और एक महीने की दवा भी निःशुल्क दिया जाता हैं। यहां पर गाजीपुर, मऊ, बलिया, चन्दौली और जौनपुर और आजमगढ़ जिलों से संबंधित अनेकों गावों से जरूरत मंद लोग आते है और उनके आंखों का निःशुल्क आपरेशन करवाकर डॉ विजय को आशीर्वाद देकर जाते है। आज 100 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ है। डॉ. विजय ने कहा कि जिनके आंखों की रौशनी चली जाती है और वे इलाज नहीं करा पाते हैं। ऐसे लोगों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाकर और लेंस लगवाकर जब उनकी रौशनी वापस आ जाती है, तो लाखों दुवायें देकर जाते हैं। इस संबंध में डॉ विजय ने कहा कि इस नेक कार्यों के लिए हमारा दरवाजा हमेशा खुला रहता है। डॉ विजय समय-समय पर लोगों को अनेकों प्रकार से मदद पहुँचाते रहते है। कृष्ण-सुदामा ग्रुप में उपप्रबंधक ई धर्मेन्द्र यादव की देखरेख में मरीजों को रहना ,खाना , दवा और चश्मा की व्यवस्था करायी गई , ई धर्मेन्द्र ने कहा की ऐसा नेक कार्य हर संभव व्यक्ति को करना चाहिए जिससे की गरीब और लाचार लोगों के आंखों की रौशनी लौटायी जा सके। संस्थान में कई ऐसे मरीज आते है जिनकी आर्थिक स्थिति दयनीय होती है। उन्हें हर तरह से सुविधा प्रदान की जाती है। कई ऐसे बुजुर्ग मरीज भी आ जाते है। जिनके साथ कोई भी परिजन नहीं आते है। उनकी भी देखभाल की व्यवस्था की जाती है। उनका पूरा इलाज करने के उपरांत ही उन्हें घर भेजा जाया जाता है। इसके लिए संस्थान सदैव तत्पर है। इस मौके पर कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के प्रशासनिक अधिकारी डॉ रामअवध , दिलीप राठौर , बी डी यादव, शुभम , प्रदीप तिवारी प्रीति,दीपा, रोमा आदि लोग मौजूद रहे।

यायावरों ने भारतीय संस्कृति को करीब से समझा : डॉ. कायनात काजी

♦ पूविवि में संस्कृति संरक्षण पर आयोजित कार्यशाला का चौथा दिन

केटी न्यूज/जौनपुर

देश प्रख्यात यात्रा लेखिका एवं ब्लॉगर डॉ. कायनात काजी ने कहा कि यात्रा मन से नकारात्मकता को निकालती है. यायावरों ने संस्कृति को इतिहासकारों की तुलना में ज्यादा ईमानदारी से लिखा है. देश की लोक संस्कृति और धरोहरों को जानने के लिए मैंने यात्राएं की. यायावरों ने भारतीय संस्कृति को करीब से समझा. भारतीय संस्कृति की विविधता ही इसकी खूबसूरती है. डॉ. कायनात ने ये बातें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कल्चरल क्लब एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में कहीं. विश्वविद्यालय में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन एवं दस्तावेजीकरण विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है. उन्होंने प्रतिभागियों को देश के विभिन्न भागों की लोक संस्कृति से परिचित कराया. कल्चरल मैपिंग के लिए टिप्स भी दिए. कायनात काजी भारत की पहली एकल महिला यात्री हैं

जिन्होंने केवल चार वर्षों में दो लाख किलोमीटर की यात्रा की है. उन्होंने अपनी रोचक यात्राओं से भी परिचित कराया।

इतिहासकार एवं ब्लॉगर एस एम मासूम ने जौनपुर की सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि अपने सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करना और सांस्कृतिक पहचान को कायम रखने की जिम्मेदारी युवाओं की है. उन्होंने कहा कि जौनपुर जनपद की सांस्कृतिक विरासत बहुत ही समृद्ध रही है इसे सहेजना बहुत मुश्किल नहीं है. अपने पूर्वजों की विरासत को बस सहेजना होगा. उन्होंने जौनपुर जनपद के ऐतिहासिक स्थलों के बारे में विस्तार से बताया. प्रो. बी डी शर्मा ने कहा कि हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए. संस्कार और संस्कृति जीने की चीज है. उन्होंने ग्रामीण संस्कृति पर विस्तार से चर्चा की. डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि जिज्ञासा ही पथ प्रदर्शक होती है. जितना देश में भ्रमण करेंगे संस्कृति वो वास्तव में समझ पाएंगे. जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, धन्यवाद् ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार ने किया. इस अवसर पर इस अवसर पर डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. सुरेन्द्र यादव, सोनम विश्वकर्मा, अमित मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

विद्यालय में तोड़फोड़ कर किया चोरी का प्रयास

जौनपुर। सिकरारा थाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में बुधवार की रात अज्ञात शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास

किया। विद्यालय के शिक्षको द्वारा गुरुवार को थाने पर तहरीर देकर कारवाई की मांग की गई। गुरुवार को शिक्षण कार्य हेतु निर्धारित समय पर विद्यालय के शिक्षक पहुंचे तो देखा कि विद्यालय की चहारदीवारी पर लगे सीसे को तोड़कर अंदर आकर तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास किया। अराजक तत्वों द्वारा विद्यालय परिसर में शराब पीकर दारू बोतल भी फोड़कर इधर उधर फेका गया है। शिक्षको ने थाना पर तहरीर देकर शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया। जिससे विद्यालय में रखे सामानों की सुरक्षा हो सके।

स्मार्टफोन पाकर खिले बीएड छात्राओं के चेहरे

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के प्रतिष्ठित जय बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यलाय में बी एड की छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण

किया गया। फोन वितरित करते हुए महिला महाविद्यालय के संस्थापक/ प्रबंधक डॉ घनश्याम मिश्र ने कहा प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना युवाओं की तकनीकी सशक्तिकरण एक बहुत ही सराहनीय कदम में सरकार की इस योजना का लाभ प्रदेश के सभी छात्र-छात्राओं को मिल रहा है । डिजिटल युग के समय में यह स्मार्टफोन आप सब के विकास में सहयोगी साबित होगा। आज हर कार्य ऑनलाइन हो गया शिक्षा के साथ तकनीकी का यह फोन सामंजस्य स्थापित करेगा। स्मार्टफोन पाकर बी एड की छात्राध्यापिकायें चहक उठीं। छात्राओं ने बताया कि यहां हमारे शिक्षण संस्थान में महाविद्यलाय व सरकार के कार्यों से सभी जानकारी हम सब को समय-समय पर मिलती रहती है। फोन पाकर हम सभी बहुत खुश हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अनुपमा सिन्हा, डॉ महेश यादव, डॉ कविता सिंह, विजय यादव सहित छात्र उपस्थित रहे।

अदालहाट पुलिस ने छह करोड़ की अफीम पौध पोस्त के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

मिजार्पुर। जनपद के अदलहाट थाना पुलिस ने अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। जबकि एक फरार हो गया। इनके खेत से 6840 अफीम के

पौधे मय डोडा बरामद किया गया। इसकी कीमत करीब छह करोड़ रुपया आंका गया है। इसका खुलासा एसपी सिटी नितेश सिंह ने पुलिस लाइन में किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं त्योहार व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस लगी है। थाना अदलहाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम फत्तेपुर व रामजीपुर में कुछ व्यक्तियों द्वारा अफीम पोस्त की अवैध रुप से खेती की गई है। सूचना पर अदलहाट पुलिस ने दबिश दी। अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले रामवृक्ष पाल पुत्र भूल्लर राम पाल ग्राम रामजीपुर तथा प्रेमनाथ सिंह पुत्र रामनन्दन निवासी ग्राम फत्तेपुर को गिरफ्तार किया । अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपी रामवृक्ष पाल के खेत में अवैध रुप से लगाए गए अफीम पोस्त के 1710 पौधे मिला। जबकि प्रेमनाथ सिंह के खेत में 1930 पौधे मिले। मौके से फरार तीसरे अभियुक्त के खेत में अवैध रूप से लगाए गए अफीम पोस्त के 3200 पौधे बरामद किया गया। इस प्रकार अबैध रुप से खेतो में उगाए गये अफीम के कुल 6840 पौधे मय डोड़ा, वजन 260.650 किग्रा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत छह करोड़ रुपया बताया गया है।

खबरें फटाफट

आर्केस्ट्रा में डांस के विवाद में युवक की हत्या

जौनपुर। 11 मार्च को जौनपुर के नेवढ़िया थाना क्षेत्र के सैदूपुर में भदोही जनपद के जलालपुर से बारात आयी थी। आर्केस्ट्रा पर चढ़ने व डांस करने को लेकर दूल्हा पक्ष के अनिल कुमार सरोज व लड़की पक्ष के कुछ युवको से विवाद हो गया।विवाद के बाद बारात से लौटते समय दुल्हन पक्ष के 10-12 लोगो ने अनिल की मोटरसाइकिल रोककर उसके साथ जमकर मारपीट की और उसके पेट के चाकू घोंप दिया। अनिल की इलाज के दौरान 13 मार्च को मौत हो गयी।मौत की सूचना पर परिवारीजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल भदोही पुलिस के आलाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस हत्यारो की तलाश के जुट गई है। शादी वाले दिन द्वारचार के बाद आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम चल रहा था। वहीं मृतक अनिल की पत्नी का आरोप है कि मारपीट के बाद कुछ लोग इसकी शिकायत लेकर नेवढ़िया थाने गए थे लेकिन इन्हें वहां से भगा दिया गया था।इस मामले में सीओ मड़ियाहूं ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।वीडियो और फोटो के आधार आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

विशेसरपुर बक्सा में वार्षिकोत्सव संपन्न

जौनपुर। कंपोजिट विद्यालय विशेसरपुर के वार्षिकोत्सव समारोह एवं विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा ने कहा कि बच्चों के माता-पिता यदि शिक्षित रहते हैं तो उसका प्रभाव बच्चों के बाल्यावस्था में ही दिखाई पड़ने लगता है इसलिए बच्चों से पहले अभिभावकों का शिक्षित होना जरूरी होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित चतुर्भुज यादव ने कहा कि शिक्षा में खेल के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश यादव ने कहा कि अध्यापक यदि विभागीय तनाव से ग्रस्त नहीं रहते हैं तो शिक्षण कार्य का बच्चों पर बहुत ही अधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर में किया 2122 करोड़ की 4977 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

पिछली सरकारों के नेताओं की आजीविका का माध्यम थे माफिया: योगी आदित्यनाथ

♦ दो निजी औद्योगिक विकास परियोजनाओं का भी किया शुभारंभ
♦ सीएम ने सपा की नीतियों पर किया प्रहार, बोले-दलित विरोधी है सपा

केटी न्यूज/अंबेडकरनगर

समाजवादी पार्टी अंबेडकरनगर में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रही। उन्होंने सपा को यहां खूब धोया और डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों को भी गिनाया। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले माफिया अंबेडकरनगर में जमीन पर कब्जा करते थे पर आज कोई माफिया किसी जमीन पर कब्जा या बेटी से छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा, क्योंकि उसे मालूम है कि ऐसा करने वालों का यमराज अगले चौराहे पर उपचार कर देगा। सीएम ने आमजन से पूछा कि माफिया का उपचार सही है न, जिस पर लोगों ने योगी आदित्यनाथ का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार नहीं होती तो माफिया का इलाज नहीं होता। माफिया पिछली सरकारों द्वारा पाले गए जीव थे, जो उन नेताओं की आजीविका के माध्यम बनते थे। हमने कहा कि गरीबों के जीने के अधिकार को छीनने वालों से जीने का अधिकार छीन लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अंबेडकरनगर के सिविल लाइन ग्राउंड पर 2122 करोड़ की 4977 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। सीएम ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। साथ ही दो निजी औद्योगिक विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। सीएम ने यहां बच्चों का अन्नप्राशन कराया। कुछ बच्चों से बातचीत कर उनकी शिक्षा के बारे में भी जाना। सीएम ने

अंबेडकरनगर में निवेशकों समेत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया।

दलित विरोधी है सपा, इसने गेस्ट हाउस कांड कराया

सीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सपा के लोग करा पाते। सपा के लोग आपके जनपद का नाम भी मिटा देना चाहते थे। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम हटा दिया, लेकिन हमने जोड़ दिया। हमने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान शिल्पी थे। उनके नाम पर कोई समझौता नहीं हो सकता। सपा दलित विरोधी है, उन्होंने भले ही नाम मिटाया, लेकिन हम फिर से नामकरण करेंगे। यह वही सपा है, जिसने गेस्ट हाउस कांड कराया और दलित महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों को हटाने का आह्वान किया था, लेकिन डबल इंजन की सरकार बाबा साहब के नाम पर पंच तीर्थ का निर्माण करती है। डबल इंजन सरकार ने 4 करोड़ देशवासियों को आवास दिया, पहले गरीब और भक्त को आवास दिया गया, फिर भगवान के मंदिर का भी निर्माण किया गया।

चाचा और भतीजे में लगी है जंग

सीएम ने कहा कि अभी यहां पर किसी को मकान, टैबलेट, नियुक्ति पत्र समेत अन्य विकास योजनाओं का लाभ दिया। यदि डबल इंजन सरकार नहीं होती तो यूपी में 56 लाख गरीबों को मकान नहीं मिल पाता। सपा और कांग्रेस के लोग नहीं दे पाते, वहां चाचा और भतीजे में जंग लगी है। नियुक्ति आते ही परिवार वसूली में मस्त हो जाता था। सीएम ने कहा कि जब सरकार का उद्देश्य लोककल्याण होता है तो ऐसे कार्यक्रम होते हैं, जब सरकार में बैठे लोगों का चश्मा परिवार के बाहर नहीं देखता है तो गरीब कल्याणकारी योजनाओं में डकैती पड़ती है। सीएम ने कहा कि अंबेडकरनगर के दो उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए प्रमाण पत्र जारी किए। इसका मतलब 10 हजार लोगों को यहां ही प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से नौकरी व रोजगार प्राप्त होगा। विकास का जितना कार्य हुआ है, पहले कभी नहीं हुआ था। इस दौरान अंबेडकरनगर के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद यादव, सांसद व भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष साधु वर्मा, विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी, हरिओम पांडेय आदि मौजूद रहे।

बोझ हैं सपा और कांग्रेस, इन्हें उठाकर देश से बाहर फेंकना होगा : योगी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस न आस्था का सम्मान करते हैं, न आजीविका की व्यवस्था कर सकते हैं। न तो गरीब को अन्न दे सकते हैं, न आवास, न दवाई, न पढ़ाई की व्यवस्था ही कर सकते हैं। न तो बेटियों और व्यापारियों को सुरक्षा ही दे सकते हैं। ऐसे में हमें भी इन्हें सिर पर बोझा बनाकर ढोने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए, इस बोझ को उतारकर देश से बाहर फेंक देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 1,090 करोड़ की 411 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर सीएम योगी विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के समापन समारोह में भी शामिल हुए। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं चयन पत्र वितरित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी से लेकर 10 मार्च तक 1 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीरामलला के दर्शन किये हैं। ये प्रभु की ही कृपा है कि चहुंओर शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से सुगम एवं सुरक्षित दर्शन-पूजन का कार्यक्रम चल रहा है। यही नहीं अयोध्या वासियों ने भी आतिथि सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या का नाम पूरी दुनिया में गूंज रहा है।

सरकार से गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की उठी मांग

♦ पदयात्रा के समर्थन में संपूर्ण राष्ट्र में सनातनधर्मी समर्थन पदयात्रा शामिल हुए

केटी न्यूज/वाराणसी

गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु प्रारम्भ गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन के अंतर्गत परमाराध्य परमधमार्धीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सररस्वती 1008 जी महाराज वृंदावन से दिल्ली तक कि पदयात्रा कर रहे हैं। शंकराचार्य जी महाराज के पदयात्रा के समर्थन में संपूर्ण राष्ट्र में सनातनधर्मी समर्थन पदयात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रम आहूत कर रहे हैं।उसी क्रम में गुरुवार को काशी में भी आध्यात्मिक

उत्थान मंडल की मातृ शक्ति व जगदगुरुकुलम के वैदिक विद्यार्थियों ने परमपूज्या साध्वी पूर्णाम्बा दीदी जी के सान्निध्य में शंकराचार्य घाट से नमोघाट स्थित गोवर्धन मंदिर तक पदयात्रा निकाल कर सरकार से गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने व गोकशी बंद कराने की एक स्वर से मांग की।

ज्ञातव्य है कि पूर्वघोषित कार्यक्रम के अनुसार पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज वृंदावन गोवर्धन पर्वत जिसे भगवान कृष्ण ने गौवों के रक्षा हेतु अंगुली पर उठा लिया था उसके 21 किलोमीटर की परिधि की परिक्रमा कर अपने पन्द्रह दिनी दिल्ली तक की पदयात्रा का प्रारम्भ कर दिया है।शंकराचार्य जी महाराज की पदयात्रा वृंदावन गोवर्धन पर्वत से दिल्ली संसद भवन के उस स्थल पर पहुच कर समाप्त होगी जहां 1966 में धर्मसम्राट करपात्री जी महाराज के साथ लाखों गौभक्तों व संतों ने प्रदर्शन किया था। उस प्रदर्शन के दौरान चली गोली के कारण अनेकों सन्तों को अपना बलिदान देना पड़ा था।

शंकराचार्य जी महाराज के इसी पदयात्रा के समर्थन में आज काशी से मातृशक्तियों व वैदिक विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई पदयात्रा शंकराचार्य घाट से शुरू होकर नमो घाट स्थित गोवर्धन मन्दिर तक गई।जहां सभी पदयात्रियों में गोवर्धन मंदिर में दर्शन पूजन कर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित होने व गोकशी बन्द होने की कामना की। पदयात्रा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्रीः-साध्वी पूर्णाम्बा दीदी,साध्वी शारदाम्बा दीदी, ब्रम्ह्चारी परमात्मानंद, ओमप्रकाश पाण्डेय,रमेश पाण्डेय,आर्यन सुमन पाण्डेय, शिवाकांत मिश्रा,विजया तिवारी, चांदनी चौबे,ममता मिश्रा, प्रेमलता जी आदि शामिल थे।

मऊ में दो दिवसीय कृषक गोष्ठी एवं मेला का शुभारंभ, जिला पंचायत अध्यक्ष बोले...

योजनाओं का लाभ लेकर कृषि को बढ़ावा दें किसान

केटी न्यूज/मऊ

जनपद के किसानों को सर्वांगीण एवं सतत विकास उन्मुखी तथा आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से राजकीय अलंकृत उद्यान, चंद्रभानपुर, रोज गार्डन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी एवं मेला का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय द्वारा किया गया। कृषक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आवाहन किया गया तथा किसान मेले में विभिन्न स्टालों पर प्रदर्शित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के उद्यमियों के उत्पादों की तरह लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना ज्यादा से ज्यादा करते हुए भविष्य में

आत्मनिर्भर मऊ बनाने तथा जनपद की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया गया तथा अपने उद्बोधन में कृषकों से कृषि एवं उद्यान सेक्टर की स्कीम का लाभ लेकर कृषि को उद्यम के रूप में अपनाने के साथ आय में वृद्धि पाने का सुझाव कृषकों को दिया गया। किसान मेले में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 18 उद्यमियों और किसानों को, उद्यान विभाग की योजनाओं से मिले हुए अनुदान का प्रमाण पत्र एवं उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा अंगवस्त्रम देकर सम्मानित भी किया गया। किसान मेला के तकनीकी सत्र में राष्ट्रीय सूक्ष्म जीव ब्यूरो कुशमौर के वैज्ञानिक डॉक्टर आदर्श कुमार एवं डॉक्टर शोभित थापा द्वारा कृषि में सूक्ष्म जीवों से मृदा स्वास्थ्य एवं पौधों के पोषण में वृद्धि करने के अनेक उपाय कृषकों को बताए गए। कृषि विज्ञान केंद्र मऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर लाल पंकज सिंह द्वारा सागभाजी एवं बागवानी फसलों में कीट व्याधि नियंत्रण, डॉक्टर जितेंद्र कुशवाहा द्वारा पाली हाउस में उच्च गुणवत्ता एवं मूल्य की साग भाजी उत्पादन तकनीकी, फल, शाकभाजी की नवीनतम उन्नतशील खेती तथा डॉक्टर चंदन सिंह द्वारा मशरूम उत्पादन, मसाला की खेती तथा मधुमक्खी पालन की जानकारी के साथ मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

सुभाषितम्

उच्च खेती, मध्यम व्यापार और नीच नौकरी।

- कहावत

कांग्रेस के बैंक खातों में रोक, कैसे होंगे निष्पक्ष चुनाव

आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी के 9 खातों को सीज कर दिया था। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अपील आयकर टर्मिनल में की गई। आयकर ट्रिब्यूनल ने कुछ राहत दी, खातों के संचालन में लगी रोक को हटा दिया। आयकर की रिटर्न कुछ दिन देर से जमा होने के कारण आयकर विभाग के अधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी पर 210 करोड रुपए से ज्यादा का टैक्स की देनदारी निकाल दी। जबकि उस वित्तीय वर्ष मे कांग्रेस को उतना ही चंदा मिला था। लोकसभा चुनाव के दो सप्ताह के पहले आयकर विभाग ने एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के खातों से रकम निकाल ली है। कांग्रेस पार्टी के खातों में कोई रकम नहीं होने से कांग्रेस पार्टी का वेतन भी नहीं बट पा रहा है। कांग्रेस पार्टी के नेता जो भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। उसके लिए भी उनके पास पैसा नहीं है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है। कांग्रेस पार्टी को बिजली का बिल भरने, वेतन बांटने, ट्रैवलिंग के लिए नेताओं को टिकट और यात्रा भत्ता इत्यादि नहीं दिए जाने के कारण कांग्रेस पार्टी की सभी गतिविधियां पैसे के अभाव में ठप्प हो गई हैं। आयकर विभाग और आयकर ट्रिब्यूनल से कांग्रेस पार्टी को कोई राहत नहीं मिली। केंद्रीय चुनाव आयोग से भी कोई मार्गदर्शन या निर्देश आयकर विभाग को नहीं दिया गया है। ऐसी स्थिति में कैसे भारत में निष्पक्ष चुनाव हो सकते हैं। भारत में चंदे पर किसी भी किस्म का कोई टैक्स राजनीतिक दलों के ऊपर नहीं है। पहली बार आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी की रिटर्न कुछ दिन लेट हो जाने के कारण कांग्रेस पार्टी का एक वित्तीय वर्ष में मिले संपूर्ण चंदे की रकम पर टैक्स, ब्याज और पेनाल्टी लगाकर 210 करोड की मांग निकाल दी। ऐसे समय पर सरकार ने कांग्रेस का खाता खाली कर दिया है। जब कांग्रेस पार्टी को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। राजनीतिक दलों के चंदे पर जब कोई टैक्स ही नहीं है। जो चंदा आया, वह बैंकों में जमा किया गया है। मात्र कुछ दिनों की देरी को आधार बनाकर किसी भी राजनीतिक दल को यदि चुनाव लड़ने से रोक दिया जाता है। ऐसी स्थिति में निष्पक्ष चुनाव की कल्पना नहीं की जा सकती है। यह भी उस पार्टी के साथ किया गया है, जो प्रमुख विपक्षी पार्टी है। सारे देश की लोकसभा सीटों में लगभग 250 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पहले अथवा दूसरे नंबर की पार्टी होती है। यदि वह अपने चुनाव प्रचार और चुनाव की तैयारी ही नहीं कर पाएगी, तो निश्चित रूप से इसे चुनाव को प्रभावित करने के लिए एक साजिश भी कहा जा सकता है। कांग्रेस ने अभी तक जो भी कानूनी रास्ता हो सकता था, उसे अपनाया है। लेकिन लगता है, सरकार के दबाव में आयकर विभाग काम कर रहा है। जिसके कारण कांग्रेस पार्टी के साथ न्याय की जगह, तारीख पर तारीख के जरिए अन्याय किया जा रहा है। चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस पार्टी को अदालत से राहत मिल भी जाएगी, तो उसका कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस संबंध में अपनी पीड़ा को उजागर करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को भाजपा की तुलना में बहुत कम चंदा मिला है। भाजपा इलेक्ट्रोल बांड के रुप में अवैध रुप से जुटाये गये चंदे का उपयोग चुनाव में कर रही है। वहीं कांग्रेस ने क्राउड फंडिंग के माध्यम से जो चंदा वैध तरीके से जमा किया था, उस रकम को बैंक से निकासी पर रोक लगा दी है। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा की अपील की है। सरकार ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों से रकम निकालने पर रोक लगाकर कांग्रेस को हैंड टू माउथ कर दिया है। कांग्रेस अपनी चुनावी गतिविधि को संचालित ही नहीं कर पा रही है। हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। यहां पर ईड़ी द्वारा महादेव ऐप के ऊपर मनी लेंडिंग के आरोप में मामला दर्ज किया। प्रधानमंत्री सहित भारतीय जनता पार्टी ने उस महादेव ऐप का कांग्रेस पार्टी का नाता जोड़ा। चुनाव-प्रचार में महादेव ऐप ही छाया रहा।

चिंतन-मनन

एक प्रवाह है जीवन

जीवा एक प्रवाह है। वह रुकता नहीं, बहता रहता है। जो बहता है, वही प्रवाह होता है। जिसमें ठहराव है, गतिहीनता है, वह प्रवाह नहीं हो सकता। प्रवाह स्वच्छता का प्रतीक है, जबकि ठहराव में गंदगी की संभावना बनी रहती है। प्रवाह में जीवनी शक्ति है, जबकि ठहराव में अस्तित्व का लोप संभव है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के प्रवाह को आगे बढ़ाना चाहेगा। सवाल एक ही है कि जीवन कैसा हो भारतीय संस्कृति में उस जीवन को प्रशस्त जीवन माना गया है जो शांत हो, संतुष्ट हो, पवित्र हो और सानंद हो। शांति, संतुष्टि, पवित्रता और आनंद जीवन की महान उपलब्धियां हैं। इनका संबंध बाह्य पदार्थों से नहीं, व्यक्ति की अपनी वृत्तियों से है। पदार्थों का ढेर लग जाए तो भी वहां शांति का जन्म नहीं हो सकता। संतोष की प्राप्ति भी पदार्थ से नहीं हो सकती। संसार की संपूर्ण सुख-सुविधाएं कदमों में आकर बिछ जाएं, फिर भी तोष का अनुभव नहीं होता। तीसरा तत्व है पवित्रता। उसका पदार्थ के साथ कोई रिश्ता ही नहीं है। पदार्थ के साथ जितना गहरा अनुबंध होता है, पवित्रता पर उतना ही सघन आवरण आ जाता है। पवित्रता नहीं है तो आनंद कहां से आएगा आनंद का निवास तो चित्त की पवित्रता में ही होता है। ऐसी स्थिति में सार्थक जीवन जीने की आकांक्षा अधिक दूभर हो जाती है। शांति का उत्स संयम है। जो लोग संयम से जीते हैं, विशिष्ट शांति का अनुभव करते हैं। स्वतंत्रता से संतोष की प्राप्ति होती है। सोने के पिंजरे में कैद पंछी को कितने ही मेवे-मिष्ठान मिल जाएं, वह कभी संतुष्ट नहीं हो सकता। परतंत्रता चाहे बाहर की हो, या भीतर की; वहां आत्मतोष नहीं मिल सकता। जीवन में पवित्रता तब तक नहीं उतर सकती, जब तक साधन-शुद्धि न हो। आनंद का अनुभव उस व्यक्ति को होता है जो स्वस्थ रहता है। इस प्रकार का जीवन भारतीय संस्कृति का जीवन है। ऐसा जीवन कोई भी जी सकता है, बशत्रे कि वह इतना उदात्त जीवन जीना चाहे। जीवन की सार्थकता और व्यर्थता उसकी शैली पर निर्भर है।

डूबने की गारंटी भी देती है आज की सियासत...

-राकेश अचल

` कम से कम हमारी पीढ़ी ने तो कभी नहीं सोचा था कि भारत जैसे महान देश में सियासत में गारंटी पर भी गारंटी दी जाएगी। लोग घोषणापत्रों पर नहीं व्यक्तियों की निजी गारंटी पर वोट देंगे और सुविधाएं लेंगे। लेकिन आज गारंटी की राजनीति ही एक कड़वा सच है । आप इसे मीठा सच भी मान सकते हैं बाशर्त कि आपके मन में भक्ति-भाव आम आदमी के मुकाबले कुछ ज्यादा हो,या आपकी दृष्टि कुछ ज्यादा धुंधली हो गयी हो। कायदे से गारंटी उपभोक्तावाद का प्रमुख लक्षण है। गारंटी में प्रोडक्ट की अदला-बदली का करार होता है ,लेकिन सियासत की गारंटी में ऐसा कुछ नहीं है। आज की सियासत में गारंटी का युग शुरू करने का एकमेव श्रेय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है। उनसे पहले न उनके वंशजों ने गारंटी की सियासत की थी और न उन कांग्रेसियों ने जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अग्रणीय भूमिका अदा की थी। नेहरू,शास्त्री, गाँधी,सिंह ,राव और मन मोहन सिंह ,जैसे प्रधानमंत्रियों को तो छोड़िये चौमासा प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ,चंद्रशेखर , आइके गुजराल या हरदन हल्ली देवगौड़ा के अलावा माननीय अटल बिहारी बाजपेयी भी राजनीति में गारंटी का युग शुरू नहीं

कर पाए। बाजपेयी जी ने इंडिया को साइन करने की कोशिश की थी तो उन्हें देश की जनता ने चमका दिया ,लेकिन मानना पडेगा कि मोदी जी ने बाजपेयी जी को चमकाने का बदला देश की जनता से अच्छे दिन आएंगे का मिथ्या नारा देकर बराबर कर लिया ।

आजकल देश में कम से कम 80 करोड़ लोगों को रोजगार की गारंटी भले ही न दी गयी हो लेकिन आने वाले पांच साल तक दो जून मुफ्त अनाज देने की गारंटी जरूर दी गयी है । जाहिर है कि आने वाले पांच साल तक उनके दिन नहीं बदलने वाले। मोदी जी की गारंटी से माँ हो या बाबा सब मजबूत हो रहे हैं,ऐसा आजकल हमें टीवी चैनलों पर आ रहे विज्ञापनों से पता चल रहा है। विज्ञापनबाजी में सरकारों के बीच एक अंधी प्रतिस्पर्द्धा चल रही है। सिंगल इंजिन की सरकार हो या डबल इंजिन की सरकार बराबर अपनी गारंटियों का विज्ञापन कर रहीं है। इस कुकृत्य में न मोदी पीछे हैं है और न भगवंत सिंह मान।

बहरहाल बात सियासत में गारंटी की चल रही है । मोदी जी ने दो आम चुनाव केवल जुमलों के बूते जीते थे ,अब वे तीसरा चुनाव गारंटी के बल पर जीतना चाहते है। उनकी इच्छाशक्ति का कोई मुकाबला नहीं है । वे जो ठान लेते हैं, कर दिखाते है। उन्होंने ठाना कि वे जलते हुए मणिपुर नहीं जायेंगे तो देख लीजिये नहीं गए । उन्होंने ठान लिया कि वे सब कुछ करेंगे किन्तु आन्दोलनजीवी किसानों से संवाद नहीं करेंगे ,तो उन्होंने अब तक नहीं किया। मोदी जी एक -एक दिन में चार राज्यों में चुनावी रैलियां करते हैं लेकिन किसानों से संवाद नहीं करते। उन्हें पता है कि यदि बात करेंगे तो किसानों को भी गारंटी देना पड़ेगी और मोदी जी के पास किसानों को देने के लिए कुछ बचा नहीं है । सब कुछ अडानी,अम्बानी और मोदियों की फौज पहले ही लूट-पाट चुकी है।

मोदी जी ने गारंटी नहीं दी इसीलिए आप देख लीजिये कि कल शेयर बाजार में एक झटके में आम जनता के साथ अडानी जी के भी 13 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। 13 लाख करोड़ रुपए कुछ होते हैं,लेकिन किसी को भी इस होम का धुंआ उठता नहीं दिखाई दे रहा है। न भाजपा बोली और न कांग्रेस। बाकी की तो बोलने की हैसियत ही नहीं बची है। देश के किसान पहले एक साल दिल्ली के बाहर डेरा डेल रहे ,सात सौ किसानों की जान चली गयी किन्तु किसी किसान को न तब किसी सियासत ने एमएसपी की गारंटी दी और न आज एक माह से ज्यादा से दिल्ली के बाहर डेरा डेल किसानों को कोई गारंटी देने के लिए तैयार है। मोदी जी किसानों की रैली के जबाब में दिल्ली में पार्टी के लिए रैली कर सकते हैं किन्तु किसानों को जरा सी गारंटी नहीं दे सकते,क्योंकि जानते हैं की किसान उनका,उनकी पार्टी का और उनकी सरकार का बाल भी बांका नहीं कर सकते।

देश में गारंटी की राजनीति के जनक माननीय नरेंद्र मोदी की गारंटियों के जबाब में कांग्रेस ने भी चुनाव से पहले नारी न्याय गारंटी योजना का ऐलान किया है। इसके तहत गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना मदद, सरकारी नौकरी में 50 फीसदी आरक्षण का वादा कर दिया है । कांग्रेस को भी पता है कि न नौ मन तेल होगा,न राधा नाचेगी ।अर्थात न कांग्रेस कि सरकार बनेगी और न महिलाओं को दी गारंटी पूरी करना पड़ेगी। कांग्रेस इलेक्टोरल बांड के जरिये उतना कमा ही नहीं पायी कि सरकार बना ले। कांग्रेस के प्रति अब तो सहानुभूति जताने में संकोच होता है। कमाई का डाटा केंचुआ कि वेब साइट पर आजकल में मिल जाएगा ।

राजनीति में गारंटी ने बहुत कुछ बदला है । अब देखिये न लोकसभा चुनाव में टिकिट की गारंटी न मिलने पर कितने लोगों ने अपनी सियासी बल्दियत बदल डाली। कुछ भाजपा छोड़ कांग्रेस में चले गए और कुछ कांग्रेस छोड़ भाजपा में चले गए। देश में इस समय दल-बदल के लिए भाजपा और कांग्रेस ही दो प्रमुख ठिकाने है। यहीं गारंटी से सियासत करने की सुविधा है। बाकी के क्षेत्रीय दलों की गारंटी पर कोई ज्यादा यकीन करता नहीं। देश की जनता जब चड्डी-बनियान तक पर गारंटी मांगती है तो उसे यदि सियासत में गारंटी मिल रही है तो उसे आखिर क्यूँ कर नकारेगी काश कि इस गारंटी में चड्डी-बनियान की तरह खराबी निकलने पर सरकार और प्रधानमंत्री बदलने का भी प्रावधान शामिल होता ,लेकिन नहीं है ! देश में एक दशक से चड्डी-बनियान वालों कि सरकार है ,किसी ने उसे बदला फिलहाल लोगों को इस बात पर यकीन करना चाहिए कि देश में ये अंतिम आम चुनाव नहीं है । सरकार की और से गारंटी दी जा रही है कि 2029 में फिर चुनाव होंगे और एक देश,एक चुनाव की तर्ज पर होंगे। मोदी सरकार देश में सब कुछ एक देश की तरह एक करना चाहती है । जैसे एक कानून,एक चुनाव,एक नेता ,एक भाषा,एक बोली,एक खानपान ,एक परिधान ,एक राष्ट्रगान ,तीन रंग के बजाय एक रंग का निशान,एकांगी संविधान और एक भगवान। अब देखिये कब तक देश एकाकार होता है हम भी फिलहाल यहीं हैं और आप भी । जय सियाराम।

राजस्थान में कांग्रेस ने उतारे नए प्रत्याशी

- रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर चुनाव हारने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार चुनाव में फूंक फूंक कर कदम रख रही है। इसीलिए अब तक घोषित 10 प्रत्याशियों में से किसी भी पुराने प्रत्याशी को रिपीट नहीं किया गया है। हालांकि कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव मैदान में नहीं उतरें हैं। यदि यह सभी नेता भी चुनाव मैदान में उतरने तो कांग्रेस बीजेपी में कड़ा मुकाबला देखने को मिलता। हालांकि अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को इस बार भी लोकसभा चुनाव में उतार गया है। मगर उनका क्षेत्र बदलकर जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही कर दिया गया है। दो दिन पूर्व भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए चूरू के सांसद राहुल कस्वां को भी चूरू से प्रत्याशी बना दिया है। इसके साथ ही उदयपुर सीट पर आईएएस से इस्तीफा देने वाले ताराचंद मीणा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस की सूची में बीकानेर सुरक्षित सीट से गोविंदराम मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। गोविंदराम मेघवाल पिछला विधानसभा चुनाव खाजूवाला क्षेत्र से हार गए थे। वह पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व पूर्व में भाजपा से भी विधायक रह चुके हैं। पिछली बार बीकानेर से मदन गोपाल मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया था। वहीं 2014 में पूर्व सांसद शंकर पन्नू को प्रत्याशी बनाया गया था। चूरू संसदीय सीट पर दो बार भाजपा से सांसद बने राहुल कस्वां को प्रत्याशी बनाया गया है। राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां चूरु से चार बार सांसद रह चुके हैं। जिले में इन्होंने ही सबसे पहले भाजपा का खाता खोला था। मगर राहुल कस्वां का टिकट काट देने से वह कांग्रेस की तरफ से चुनाव लड़ेंगे। चूरू से पिछली बार रफीक मंडेलिया व 2014 में प्रताप पूनिया को प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू सीट से विधायक बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया गया है। चार बार के विधायक बृजेंद्र वाला गहलोत सरकार में परिवहन राज्य मंत्री थे। उनके पिता शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद, नौ बार विधायक, केंद्र व राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके थे। झुंझुनू से पिछली बार सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार को व 2014 में बृजेंद्र ओला की पत्नी राजबाला ओला को प्रत्याशी बनाया गया था। यादव मतदाताओं की बहुलता वाली अलवर सीट पर मुंडावर विधायक ललित यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। ललित यादव ने पिछला विधानसभा चुनाव 34526 मतों से जीता था। अलवर से पिछले दो बार कांग्रेस से भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव लड़कर बड़े अंतर से पराजित हुए थे। भरतपुर सुरक्षित सीट से संजना जाटव को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि पिछली बार अभिजीत कुमार जाटव व 2014 में डॉक्टर सुरेश जाटव प्रत्याशी थे। इस बार की प्रत्याशी संजना जाटव पिछला विधानसभा चुनाव कठूमर सीट से मात्र 409 मतों से हार गई थी। संजना जाटव अभी अलवर जिला परिषद की सदस्य है तथा मात्र 26 साल की उम्र में ही उसे लगातार कांग्रेस पार्टी से टिकट मिल रही है। संजना जाटव कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के अभियानों से जुड़ी हुई है। इसी के चलते उन्हें टिकट मिला है। टोंक-सवाई माधोपुर सीट से कांग्रेस ने देवली विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। जबकि पिछली बार उनके भाई नमोनारायण मीणा व उससे पहले क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन चुनाव लड़ चुके हैं। यहां से सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मगर उन्होंने अपने विश्वासपात्र हरीश मीणा को मैदान में उतार दिया है। हरीश मीणा 2014 में भाजपा से सांसद व 2018 तथा 2023 में कांग्रेस से विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। वह पूर्व में राजस्थान पुलिस के डीजीपी रह चुके हैं। जोधपुर में करण सिंह उचियारड़ा को प्रत्याशी बनाया गया है। पिछली बार वहां अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत उम्मीदवार थे। मगर 3 लाख वोटो से हार गए थे। 2014 में वहां से केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी प्रत्याशी रही थी। जोधपुर लोकसभा सीट को कभी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गढ़ माना जाता था। वह जोधपुर से पांच बार सांसद व छह बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। मगर पिछले लोकसभा चुनाव में उनके पुत्र की करारी हार के चलते उन्होंने अपने पुत्र वैभव गहलोत को जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही सीट से प्रत्याशी बनवाया है। जोधपुर से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है। जालौर-सिरोही सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत चुनाव लड़ेंगे। पिछली बार यहां से रतन देवासी प्रत्याशी थे। जबकि 2014 में चित्तौड़गढ़ के रहने वाले उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया था। उदयपुर सीट से उदयपुर में कलेक्टर रह चुके ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया गया है। 2019 व 2014 में यहां से रघुवीर मीणा कांग्रेस प्रत्याशी रहे थे। चित्तौड़गढ़ सीट पर उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया है। आंजना गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे तथा पिछला विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में पिछली बार गोपाल सिंह शेखावत व 2014 में गिरिजा व्यास चुनाव लड़ चुकी है। उदयलाल आंजना 2014 में जालौर-सिरोही सीट से चुनाव लड़कर हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में भाजपा से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। कांग्रेस ने इस बार तीन मौजूदा विधायक झुंझुनू से बृजेंद्र ओला, अलवर से ललित यादव, टोंक- सवाई माधोपुर से हरीश मीणा को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा सांसद राहुल कस्वा को चूरू से तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हरीश मीणा व ताराचंद मीना को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने तीन विधायकों को मैदान में उतार दिया है। वहीं पांच अन्य सीटों पर विधायकों कोटा से अशोक चांदना, दौसा से मुरारीलाल मीणा, राजसमंद से सुदर्शन सिंह रावत, बाड़मेर से हरीश चैधरी व करौली-धौलपुर से अनीता जाटव के नाम चल रहें है। कांग्रेस में चर्चा है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भारतीय आदिवासी पार्टी को, सीकर सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को तथा नागौर व बाड़मेर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को गठबंधन में दी जा सकती है। इसी के चलते इन सीटों पर अभी प्रत्याशियों के नाम तय नहीं किए गए हैं। हालांकि बाड़मेर से विधायक हरीश चौधरी गठबंधन का विरोध कर रहे हैं। वह बाड़मेर से सांसद रह चुके हैं तथा चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी ही बाड़मेर सीट से चुनाव लड़े। इसी के चलते अभी गठबंधन की घोषणा नहीं हो पाई है। कांग्रेस के लिए इस बार का चुनाव वर्चस्व का सवाल बना हुआ है। विधानसभा में मिली हार के बाद कांग्रेस के पास यह सुनहरा अवसर है की वह पिछली दो बार की हार को जीत में बदलकर अपना खोया जनाधार फिर से मजबूत करने की दिशा में अग्रसर हो।

जानें अधिकार और बनें जागरूक उपभोक्ता

-योगेश कुमार गोयल

जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अक्सर होता रहता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। वास्तव में यह उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्व अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई थी और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। वैसे बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के प्रति सचेत हुए। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को ह्यउपभोक्ता संरक्षण कानून-2019ह्न (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं। यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने ह्यउपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986ह्न का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं।

आज का राशिफल

मेष आज का दिन आर्थिक मामलों में काफी शानदार होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

तुला दिन खुशी में बीतेगा। आपको अकस्मात धन लाभ होने से आपके कोष में वृद्धि होगी।

वृषभ आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। कोई इच्छा पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

वृश्चिक बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है।

मिथुन आपकी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको राज्य से सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

धनु आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आज आप अपना पुराना लोन चुका पाएंगे।

कर्क ग्रहों की शुभ दशा से आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और बहुत दिनों से रुका धन मिलेगा।

मकर आपके धन में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए भाग्य और विकास से भरा होगा।

सिंह आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ कार्य में सफलता प्राप्त होगी और आज के दिन सक्रिय राजनीति में भाग लेने के योग बन रहे हैं।

कन्या आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी कारोबार से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी।

मीन कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। चंद्रमा की शुभ दृष्टि से आपको लाभ होगा।

विशेष

झारखंड में नहीं मिली कांग्रेस को राज्यसभा की सीट

झारखंड में राज्यसभा की एक सीट खाली हो रही है। इस सीट पर कांग्रेस की धीरज साहू मई में रिटायर हो रहे हैं। उनकी सीट पर कांग्रेस की दावेदारी थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस सीट पर अपने विधायक सरफराज अहमद को उतार दिया है। झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चल रही है।जेएमएम के 29 और कांग्रेस के 17 विधायक हैं। पहले भी 2 बार झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कांग्रेस को राज्यसभा की चुनाव में धोखा दिया है। 2024 के राज्यसभा चुनाव में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने यह सीट कांग्रेस को नहीं दी।

हरियाणा में चौटाला परिवार राजनीति से बाहर

हरियाणा में सत्ता परिवर्तन हो गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का इस्तीफा हो गया है। उनके स्थान पर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया गया है। जननायक जनता पार्टी के दुष्यंत चौटाला भी मुसीबत में फसे हुए हैं। भाजपा ने होने लोकसभा की हिसार सीट नहीं दी। दुष्यंत चौटाला अभी उप मुख्यमंत्री थे। सीटों के बंटवारे को लेकर उनका भाजपा से सौदा नहीं पटा। हरियाणा के मंत्रिमंडल से भी अब वह बाहर हो गए हैं। भाजपा हरियाणा में गेर जाट राजनीति को मजबूती दे रही है। पिछड़ा एवं दलित वर्ग की राजनीति की विसात भाजपा बिछा रही है। जिसके कारण हरियाणा में चौटाला परिवार सबसे मुसीबत वाले दौर से गुजर रहा है।

कार्टून कोना

केजरीवाल ने सीएए को बताया खतरा, कहा-पाकिस्तानियों को ला रही बीजेपी

आज का इतिहास

1347 रोम नरेश लुई चतुर्थ और फ्रांस के फिलिप छठवें के बीच गठबंधन हुआ. 1744 फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1877 इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया जिसमें आस्ट्रेलिया 45 रन से विजयी हुआ. 1898 ब्रिटिश खोजी हेनरी बेसेमर ने इस्पात बनाने की विधि का पेटेंट कराया. 1919 उस्मानिया विश्वविद्यालय हेदराबाद का उद्घाटन. 1939 जर्मनी की सेना ने चेक सीमा पार की और एडोल्फ हिटलर ने बोहेमिया और मोराविया को अपने संरक्षण में ले लिया. 1951 फारस की संसद ने तेल कंपनियों का राष्ट्रीयररण किया. 1964 एलिजाबेथ टेलर और रिचर्ड बर्टन का विवाह हुआ. 1969 भारतीय नौसेना को पहले हेलीकॉप्टर स्क्?वाड्न को गोवा में शामिल किया गया.

दैनिक पंचांग

15 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मीन में	मीन	06.10 बजे से
चंद्र	वृष में	मेष	07.41 बजे से
मंगल	मकर में	वृष	09.21 बजे से
बुध	मीन में	मिथुन	11.19 बजे से
गुरु	मेष में	कर्क	13.32 बजे से
शुक्र	कुंभ में	सिंह	15.48 बजे से
शनि	कुंभ में	कन्या	18.00 बजे से
राहु	मीन में	तुला	20.11 बजे से
केतु	कन्या में	वृश्चिक	22.26 ब.से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		धनु	00.42 बजे से
		मकर	02.47 बजे से
		कुंभ	04.33 बजे से

शुक्रवार 2024 वर्ष का 75 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** बसंत।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
तिथि षष्ठी 22.10 बजे को समाप्त।
नक्षत्र कृत्तिका 16.08 बजे को समाप्त।
योग विष्कुम्भ 19.45 बजे को समाप्त।
करण कौलव 10.43 बजे तदनन्तर तैतिल 22.10 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 4.6 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 02° 02'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871919
जूलियन दिन 2460384.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना रमजान
तारीख 04
विशेष स्कंद षष्ठी।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
चर	05.55 से	07.23	बजे तक	रोग	05.38 से	07.1	बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51	बजे तक	काल	07.11 से	08.43	बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19	बजे तक	लाभ	08.43 से	10.15	बजे तक
काल	10.19 से	11.47	बजे तक	उद्वेग	10.15 से	11.47	बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15	बजे तक	शुभ	11.47 से	01.19	बजे तक
रोग	01.15 से	02.43	बजे तक	अमृत	01.19 से	02.51	बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10	बजे तक	चर	02.51 से	04.23	बजे तक
चर	04.10 से	05.38	बजे तक	रोग	04.23 से	05.55	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

ब्लोटिंग और गैस के लिए बासी मुंह चबाएं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के पत्ते

क्या गर्मियों के मौसम में आपका कम खाने-पीने का मन करता है, क्या आपका इन दिनों आपका पेट हमेशा भरा-भरा और फूला हुआ रहता है, क्या आपको थोड़ा सा खाते ही गैस बनने लगती है? अगर हां, तो पेट से जुड़ी इन समस्याओं के लिए अब आपको दवाएं लेने की जरूरत नहीं है। इन समस्याओं के इलाज के लिए आप अपने आसापास मिलने वाले पुदीने की तरह कुछ औषधीय पत्ते चबा सकते हैं।

पेट फूलने की समस्या को मेडिकल भाषा में ब्लोटिंग कहते हैं। इसकी वजह से आपको पेट में गैस महसूस हो सकती है और उसके साथ पेट में ऐंठन, दर्द और सूजन महसूस हो सकती है। दरअसल इस स्थिति में पेट में हवा भर जाती है जिससे पेट हमेशा भरा-भरा महसूस होता है। इसकी वजह से आपको कम भूख लगती है या थोड़ा सा खाते ही पेट भर जाता है। देर तक बैठे रहना, पुराना कब्ज कार्बोनेट ड्रिंक्स पीना एक साथ बहुत ज्यादा भोजन करना आदि इसके कारण हो सकते हैं। बेशक यह समस्या इतनी गंभीर नहीं है लेकिन अगर इसका समय से इलाज नहीं किया गया, तो आपको कई घातक समस्याएं हो सकती हैं। ब्लोटिंग और गैस के लिए वैसे तो कई दवाएं उपलब्ध हैं लेकिन कुछ आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के पत्ते चबाने से आपको तुरंत राहत मिल सकती है।

सौंफ के पत्ते

सौंफ का उपयोग पारंपरिक रूप से पेट दर्द, सूजन, गैस और कब्ज सहित कई पाचन विकारों के लिए किया जाता है। सौंफ के पत्ते चबाने से अल्सर को रोकने और पेट फूलना कम हो सकता है। इन हरे पत्तों में सूजन और कब्ज के लक्षणों को कम करने की क्षमता होती है।

अजवाइन के पत्ते

जो लोग खाने के बाद लगातार सूजन या भारीपन का अनुभव करते हैं, उनके लिए अजवाइन की पत्तियां बेहतर उपचार हैं। अजवाइन के पत्ते पाचन में सुधार, चयापचय को बढ़ावा देने, अम्लता को दूर करने और गैस से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

करी पत्ते

खाली पेट करी पत्ते का सेवन विशेष रूप से बेहतर पाचन स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। जब खाली पेट इसका सेवन किया जाता है, तो करी पत्ता पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है और मल त्याग का समर्थन करता है। यह आपको कब्ज से राहत दिलाने में भी मदद कर सकता है।

पुदीना के पत्ते

पुदीने की हरी पत्तियों के ठंडे और ताज़गी देने वाले गुण सूजन को ठीक करने का सबसे अच्छा उपाय है। पुदीना सूजन और पाचन संबंधी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करता है। इसमें पेट की ऐंठन को कम करने की क्षमता होती है। अगर आपको हमेशा गैस या पेट फूलने की समस्या रहती है, तो आप रोजाना सुबह कुछ पत्ते चबा सकते हैं या फिर पुदीने की चाय पी सकते हैं।

जामुन के पत्ते

जामुन के पत्तों में पाचन वाले गुण होते हैं और यह सभी पाचन समस्याओं के लिए एक बेहतर औषधि है। इसके एंटी-फ्लैटुलेंट गुण एलिमेंटरी कैनाल में गैस को कम करने में मदद करते हैं, जिससे पेट फूलना, कब्ज और सूजन को कम करने में मदद मिलती है। इसमें एंटासिड गुण होते हैं जो पेट में अत्यधिक एसिड के निर्माण को रोकते हैं और इस तरह अपच, अल्सर और गैस्ट्राइटिस का इलाज करते हैं।

संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करता है लिवर, इसे स्वस्थ और मजबूत रखना जरूरी

दिल, किडनी और फेफड़ों की तरह लिवर भी शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। लेकिन जब बात इसके स्वास्थ्य की आती है, तो अक्सर इसे अनदेखा कर दिया जाता है। आपको बता दें कि लिवर एक ऐसा अंग है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई तरह के काम करता है। लिवर शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग है जिसका काम पाचन, चयापचय, विषाक्त पदार्थों को हटाना, पोषक तत्वों का भंडारण करना है। फिटनेस गुरु एंड होलिस्टिक एक्सपर्ट के अनुसार, लिवर संपूर्ण स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इसे स्वस्थ, साफ और मजबूत रखना जरूरी है। गर्मियों के मौसम में मिलने वाली ऐसी कई चीजें हैं, जिन्हें खाने में शामिल करके आप अपने लिवर को नैचुरली साफ और मजबूत बना सकते हैं।

लिवर को स्वस्थ रखने का घरेलू उपाय- ग्रीन टी

ग्रीन टी से शरीर को अनगिनत फायदे होते हैं। यह एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन सी का एक बेहतर स्रोत है। वर्ल्ड जर्नल ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, यह शरीर में फैट को कम करने में मदद कर सकती है।

लिवर के लिए वरदान है नींबू

नींबू को गर्मियों का तोहफा खा जाता है। इन दिनों शरीर को तरोताजा और स्वस्थ रखने के लिए इससे बेहतर विकल्प कुछ नहीं है। आपको लिवर सही शरीर के सभी अंगों को साफ और स्वस्थ रखने के लिए रोजाना नींबू पानी पीना चाहिए। नींबू विटामिन सी से भरपूर करता है और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह डिहाइड्रेशन को रोकता है और गर्मी के दिनों शरीर को ठंडा रखता है।

लिवर को मजबूत बनाते हैं अंगूर

मीठे और रसीले अंगूर खाना भला कौन पसंद नहीं करता है? अंगूर विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट का पावरहाउस हैं। अंगूर लिवर को डिटॉक्स यानी उसकी गंदगी को साफ करने और सूजन से लड़ने में मदद करते हैं।

लिवर की साफ रखने के लिए खाएं दही

गर्मियों में ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जो पेट के लिए हल्के होते हैं और दही निश्चित रूप से इस सूची में सबसे ऊपर है। यह हल्का, ठंडा होता है और आपको भीतर से पोषित रखने में मदद करता है। दही प्रोबायोटिक्स का बेहतर स्रोत है। कई अध्ययनों के अनुसार, यह लीवर में फैट को कंट्रोल करता है।

लिवर को स्वस्थ रखेगा लहसुन

लहसुन में एलिसिन और सेलेनियम जैसे यौगिक उच्च मात्रा में होते हैं जो लीवर को किसी भी जहरीले नुकसान से बचाते हैं। रोजाना रात को सोने से पहले लहसुन की दो कलियां लें।

लिवर को स्वस्थ रखने का उपाय- सहजन

हरी सब्जियों में कई तरह के क्लींजिंग कंपाउंड होते हैं, जो लिवर को नैचुरली रूप से साफ करने में मदद करते हैं। ऐसी ही एक लोकप्रिय हरी सब्जी है सहजन। कई जैव रासायनिक परिणामों से पता चला है कि सहजन में लिवर फाइब्रोसिस के लक्षणों को कम करने की क्षमता होती है।

लिवर को मजबूत बनाने का नुस्खा-आंवला

आंवला का आयुर्वेद में व्यापक रूप से उपयोग किया गया है जो लिवर के कार्य को समर्थन देता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह लिवर के कामकाज को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। एक गिलास गर्म पानी में एक चम्मच सूखे आंवले के पाउडर को मिलाकर सुबह खाली पेट पीने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।

लिवर को साफ करता है हल्दी

हल्दी एक अद्भुत मसाला है जो लिवर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। यह एंजाइम को बढ़ावा देने में मदद करता है जो शरीर से आहार विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल सकता है। सुबह सबसे पहले एक गिलास गर्म पानी के साथ आधा चम्मच हल्दी और एक चुटकी काली मिर्च का सेवन करें।

दांतों का पीलापन छुड़ाकर सफेद करेंगी ये 5 चीजें

मजबूत और सफेद दांत भला कौन नहीं चाहता है। जैसे-जैसे आप बड़े होते हैं, दांत पीले हो जाते हैं। दरअसल चबाने और खाने-पीने के एसिड के संपर्क में आने से दांतों की तामचीनी दूर हो जाती है। तामचीनी उम्र के साथ पतली हो जाती है, जिससे दांत पीले होने लगते हैं। दांतों को सफेद करने के कई इलाज मौजूद हैं लेकिन घरेलू चीजों के जरिए भी पीले दांतों को सफेद मोती जैसे चमकाए जा सकते हैं। खाने-पीने की गलत आदतों और ओरल हाइजीन का ध्यान नहीं रखने की वजह से बहुत से लोगों को दांतों की विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी ही एक गंभीर समस्या दांतों का पीलापन है। जाहिर है दांतों का पीला होना किसी के लिए भी शर्मिंदगी का कारण बन सकता है। वैसे तो दांतों में चिपका मैल या पीलापन रोजाना ब्रश करने से साफ हो जाता है लेकिन कई बार यह मजबूती से चिपक जाता है, जिसे छुड़ाना आसान नहीं होता है। मजबूत और सफेद दांत भला कौन नहीं चाहता है। जैसे-जैसे आप बड़े होते हैं, दांत पीले हो जाते हैं।

पीले दांतों को सफेद कैसे करें? बेशक दांतों को सफेद करने के कई इलाज मौजूद हैं लेकिन घरेलू चीजों के जरिए भी पीले दांतों को सफेद मोती जैसे चमकाए जा सकते हैं। हम आपको दांतों का पीलापन हटाने के लिए घरेलू उपाय बता रहे हैं, जिनसे आपको डेंटिस्ट के पास जाए बिना दांतों को मजबूत और उनका पीलापन हटाने में मदद मिल सकती है।

कोको पाउडर

इसके लिए आपको कोको पाउडर और पानी या नारियल का तेल चाहिए। सबसे पहले कोको पाउडर को नारियल के तेल या पानी के साथ मिलाएं। इसका एक पेस्ट बना लें। इस मिश्रण से अपने दांतों को हमेशा की तरह ब्रश करें।

नीम के पत्ते

इसके लिए आपको नीम के पत्ते और पानी चाहिए। सबसे पहले नीम के पत्तों को पानी के बर्तन में उबालने के लिए रख दें। इसे छान लें ताकि तरल साफ हो जाए। इसे ठंडा होने दें और इस घोल से गरारे करें।

एप्सम साल्ट

नमक और पानी को बराबर भागों में मिला लें। तब तक हिलाएं जब तक कि नमक पूरी तरह से घुल न जाए। इस मिश्रण को टूथब्रश से अपने दांतों पर लगाएं। आप इससे गरारे भी कर सकते हैं और फिर साफ पानी से अपना मुंह धो लें।

अदरक और नमक

अदरक के एक छोटे टुकड़े को पीस लें। या इसे कद्दूकस भी किया जा सकता है। 1/4 छोटा चम्मच नमक लेकर अदरक में डाल दें। नींबू का एक टुकड़ा काटें, मिश्रण में रस निचोड़ें और फिर से अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसे टूथब्रश से दांतों पर लगाएं।

पुदीने के पत्ते और नारियल का तेल

पुदीने के पत्तों को पीसकर नारियल के तेल में मिला लें। अच्छी तरह मिलाएं और इस मिश्रण को टूथब्रश से अपने दांतों पर लगाएं। पुदीने का अधिक प्रयोग न करें, 3-5 पत्ते पर्याप्त हैं।

बेशक हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए कैल्शियम जरूरी है लेकिन इसे जल्दी पचाने के लिए विटामिन डी भी जरूरी है, सुबह की धूप के अलावा कई खाने की चीजों में यह पोषक तत्व पाया जाता है।

विटामिन-डी से भरी हैं ये 5 चीजें

हड्डियों का कमजोर होना आपके पूरे शरीर के लिए खतरे की घंटी है। आपका पूरा शरीर हड्डियों के ढांचे पर टिका हुआ है। हड्डियों में किसी भी तरह कमजोरी आपको मोहताज बना सकती है। यही वजह है कि हड्डियों की देखभाल के लिए हर संभव उपाय करने चाहिए। हड्डियों की सेहत खराब होने से आपको रिकेट्स और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी खतरनाक बीमारियों का खतरा हो सकता है और गुजरते समय के साथ हड्डी टूटने का खतरा बढ़ सकता है। आपकी हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए पर्याप्त कैल्शियम और आपके शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करने के लिए विटामिन-डी की जरूरत होती है। इसका मतलब यह है कि आपको कैल्शियम के अलावा विटामिन-डी से भरपूर खाद्य पदार्थों का भी खूब सेवन करना चाहिए।

रोजाना कितने कैल्शियम की जरूरत होती है?

विटामिन-डी से पहले आपको यह जानना जरूरी है कि हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए आपको रोजाना कितने कैल्शियम की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वयस्कों को एक दिन में 700mg कैल्शियम की आवश्यकता होती है।

रोजाना कितने विटामिन-डी की जरूरत

वयस्कों को एक दिन में विटामिन-डी की 10 माइक्रोग्राम (400 इंटरनेशनल यूनिट या आईयू) की आवश्यकता होती है। विटामिन डी को खाद्य पदार्थों से प्राप्त करना मुश्किल है इसलिए आप इसे सुबह की धूप से भी प्राप्त कर सकते हैं।

अंडे की जर्दी

अंडे प्रोटीन और कैल्शियम के अलावा विटामिन डी का भी बढ़िया स्रोत है। एक बड़े अंडे की जर्दी 36.7 IU विटामिन डी प्रदान करती है। आप अपने दिन की शुरुआत दो अंडों के साथ कर सकते हैं।

संतरे का रस

इसके लिए आप फोर्टिफाइड ओरेंज जूस ले सकते हैं जिससे आपको 33.4 IU विटामिन डी मिल सकता है। हालांकि सभी फोर्टिफाइड फूड्स में विटामिन डी की मात्रा उतनी अधिक नहीं होती है, जितनी फिश में होती है।

गाय का दूध

8-औंस स्किम्ड गाय के दूध के गिलास से आपको 107.5 IU विटामिन डी मिल सकता है जबकि सोया दूध की इतनी ही मात्रा से आपको 97.6 IU विटामिन डी मिल सकता है।

विटामिन डी के लिए खाएं मशरूम

मशरूम उन लोगों के लिए विटामिन डी का सबसे बढ़िया स्रोत है, जो पशु उत्पाद नहीं खाते हैं। बेशक इसमें बहुत ज्यादा नहीं है लेकिन 100 ग्राम मशरूम (लगभग एक कप) से आपको 8 IU विटामिन डी मिल सकता है।

संक्षिप्त समाचार

स्पाइसजेट ने 10 विमानों के लिए लीज समझौते को दिया अंतिम रूप

नई दिल्ली, एजेंसी। गर्मियों की शुरुआत होने वाली है। गर्मियों के दौरान आमतौर पर लोग छुट्टियों पर जाते हैं। इस दौरान हवाई यात्राएं बढ़ जाती हैं। फ्लाइट से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में उछाल आ जाता है। यात्रियों की इसी मांग को देखते हुए स्पाइसजेट ने कदम उठाए हैं। यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्पाइसजेट ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्पाइसजेट

ने पीक ट्रैवल सीजन के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अपनी क्षमता को बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसके लिए स्पाइसजेट ने 10 विमानों के लिए लीज समझौतों को अंतिम रूप दिया है। यह कदम एयरलाइन की क्षमता को 10 फीसदी तक बढ़ा देगा। इससे एयरलाइन ज्यादा यात्रियों को ले जाने में सक्षम होगी। स्पाइसजेट यह सुनिश्चित करना चाहती है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उसके पास पर्याप्त विमान हों। एयरलाइन ने कहा है कि वह अगले कुछ महीनों में इन 10 विमानों को अपने बेड़े में शामिल करेगी। इन विमानों का इस्तेमाल भारत के विभिन्न शहरों के बीच नई उड़ानों को शुरू करने और मौजूदा उड़ानों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के लिए किया जाएगा। हालिया सेटलमेंट एग्रीमेंट्स के तहत स्पाइसजेट को तीन एयरफ्रेम हासिल हुए हैं। इससे उसके बेड़े की क्षमताओं को और मजबूती मिली है।

टेलीविजन खरीदने के लिए जेब करनी पड़ेगी ज्यादा ढीली, अप्रैल से बढ़ने वाले हैं दाम!

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप नया टेलीविजन खरीदने का मन बना रहे हैं तो अब आपको जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ सकती है। टीवी का पैनल बनाने में इस्तेमाल होने वाले ओपन सेल के दाम बढ़ने के कारण कंपनियां टीवी के दाम में 10 फीसदी की बढ़ोतरी करने की तैयारी में हैं ताकि लागत का बोझ कुछ कम हो सके। महामारी के बाद से ही इंडस्ट्री को कीमतों में

वृद्धि की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और पिछले एक साल में ओपन सेल की कीमतें लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। यही देखकर टीवी पैनल बनाने वाली कंपनियां अप्रैल से दाम 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी में हैं। ओपन सेल टेलीविजन का प्रमुख हिस्सा होता है और उत्पादन पर होने वाले कुल खर्च में 60-65 फीसदी हिस्सेदारी इसी की होती है। इसका सबसे ज्यादा उत्पादन चीन की 4-5 कंपनियां करती हैं और ओपन सेल के दाम भी अपनी मर्जी से ही तय करती हैं। इसका दाम पिछले साल अगस्त में भी काफी बढ़ गया था लेकिन उत्पादक कंपनियों ने दाम घटाए तो इनमें कुछ नरमी आई थी।

गोल्ड लोन देने में गड़बड़ी पर

फाइनेंस मिनिस्ट्री ने बैंकों को किया आगाह

नई दिल्ली, एजेंसी। गोल्ड लोन देने के मामले में सब कुछ ठीक नहीं है। यह बात सरकार की नजर में आई है। इस बात को लेकर चिंता बढ़ी है कि उचित मात्रा में गोल्ड गिरवी रखवाए बगैर लोन दिया जा रहा है। इससे जुड़ा रिस्क सोने के दाम तेजी से चढ़ने के चलते बढ़ गया है, क्योंकि कुछ बैंक टॉप-अप लोन भी देने लगे हैं। इसे देखते हुए मिनिस्ट्री ने सभी सरकारी बैंकों को सचेत किया है। बैंकों से कहा गया है कि वे अपने गोल्ड लोन पोर्टफोलियो की जांच-पड़ताल करें और जहां भी जरूरी हो, मामला दुरुस्त करें।

गोल्ड लोन से जुड़े मामले में ही आरबीआई ने 4 मार्च को एक आदेश में आइआइएफएल फाइनेंस लिमिटेड को ऐसा लोन देने से रोक दिया था। दरअसल कुछ बैंक लेंडिंग बढ़ाने की आपाधापी में जोरशोर से गोल्ड लोन देने लगे हैं। बैंकों के गोल्ड लोन में पिछले सालभर में 17 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। सोने का भाव तेजी से चढ़ने के चलते गोल्ड लोन से जुड़ा रिस्क बढ़ा है। सालभर में सोने का भाव भी करीब 17 प्रतिशत चढ़ा है। हाल में एमसीएक्स पर गोल्ड का भाव 66356 रुपये के नए हाई पर चला गया था।

मिनिस्ट्री ने बैंकों को भेजा था पत्र

मिनिस्ट्री के सूत्रों ने बताया कि गोल्ड लोन पर इंटरेस्ट तय करने में गड़बड़ी के अलावा यह भी देखा गया है कि कई मामलों में लोन देने के दिन ही या उसके कुछ ही दिनों बाद कैश रीपेमेंट के जरिए एकाउंट क्लोज कर दिया गया। इसे देखते हुए मिनिस्ट्री ने बैंकों को पिछले महीने पत्र भेजा था। उनसे कहा गया कि पहली जनवरी 2022 से लेकर 31 जनवरी 2024 तक उन्होंने जो भी गोल्ड लोन दिया है, उसकी जांच-पड़ताल करें। बैंकों से यह देखने को कहा गया है कि जो लोन दिया गया, उसके बदले सही मात्रा में कोलैटरल गोल्ड लिया गया था या नहीं। जूलरी की वैल्यू और प्योरिटी आरबीआई के नियमों के अनुसार चेक की गई थी या नहीं। बैंकों से कहा गया है कि इन दो वर्षों में जो लोन अकाउंट क्लोज किए गए, उनकी भी जांच की जाए। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बैंक या गोल्ड लोन देने वाली फाइनैंस कंपनियां जूलरी की 75 प्रतिशत वैल्यू तक ही लोन दे सकते हैं।

जांच करने के निर्देश

मिनिस्ट्री के सूत्रों ने बताया कि गोल्ड लोन पर इंटरेस्ट तय करने में गड़बड़ी के अलावा यह भी देखा गया है कि कई मामलों में लोन देने के दिन ही या उसके कुछ ही दिनों बाद कैश रीपेमेंट के जरिए एकाउंट क्लोज कर दिया गया। इसे देखते हुए मिनिस्ट्री ने बैंकों को पिछले महीने पत्र भेजा था। उनसे कहा गया कि पहली जनवरी 2022 से लेकर 31 जनवरी 2024 तक उन्होंने जो भी गोल्ड लोन दिया है, उसके बदले सही मात्रा में कोलेटरल गोल्ड लिया गया था या नहीं। जूलरी की वैल्यू और प्योरिटी आरबीआई के नियमों के अनुसार चेक किया गया था या नहीं। बैंकों से कहा गया है कि इन दो वर्षों में जो लोन अकाउंट क्लोज किए गए, उनकी भी जांच की जाए। आरबीआई के नियमों के मुताबिक, बैंक या गोल्ड लोन देने वाली फाइनेंशियल कंपनियां जूलरी की 75 प्रतिशत वैल्यू तक ही लोन दे सकते हैं।

मुकेश अंबानी की रिलायंस पैरामाउंट ग्लोबल में खरीदेगी हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी लगातार अपने कारोबार का विस्तार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने डिज्नी के साथ डील की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड वायकॉम-18 मीडिया में पैरामाउंट ग्लोबल की हिस्सेदारी खरीद सकती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज पैरामाउंट ग्लोबल की कुल 13.01 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदने जा रही है। दोनों कंपनियों के बीच यह डील 517 मिलियन डॉलर यानी करीब 4,286 करोड़ रुपये में हुई है। इस डील के पूरा हो जाने के बाद वायाकॉम 18 में रिलायंस की हिस्सेदारी 57.48 प्रतिशत से बढ़कर 70.49 फीसदी हो जाएगी। वायाकॉम में पैरामाउंट ग्लोबल जो 13.01 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है, वह उसके दो सब्सिडियरी कंपनियों की है। पिछले काफी दिनों से कई रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि पैरामाउंट ग्लोबल इंडिया मीडिया ज्वाइंट वेंचर में अपनी हिस्सेदारी रिलायंस को बेचने पर विचार कर रही है।

डिज्नी के साथ कई अरब डॉलर के समझौते के बाद, यह कदम दिग्गज अंबानी की देश के तेजी से बढ़ते मीडिया बाजार पर पकड़ को मजबूत करेगा। बता दें कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और डिज्नी का मर्जर पिछले महीने 28 फरवरी को अनाउंस हुआ था। पैरामाउंट ग्लोबल के पास इस डील के पूरा होने के बाद भी वायाकॉम 18 के कंटेंट के लाइसेंस का काम जारी रहेगा। पैरामाउंट के कंटेंट फिलहाल रिलायंस के जियोसिनेमा पर स्ट्रीम किए जाते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज और वाल्ट डिज्नी कंपनी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह भारत के टीवी और स्ट्रीमिंग मीडिया एसेट का मर्जर करने जा रही है। इससे एंटरटेनमेंट कारोबार में 70000 करोड़ रुपये की एक नई दिग्गज कंपनी का विस्तार होगा। कैलेंडर वर्ष 2024 या साल 2025 की पहली तिमाही में ज्वाइंट वेंचर का यह काम पूरा हो जाएगा।

सबसे बड़ी कंपनी

रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है, जिसका मार्केट कैप 19.52 लाख करोड़ रुपये है। 31 मार्च 2023 के अनुसार, रिलायंस का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 9,74,864 करोड़ है। कैश प्रॉफिट 1,25,951 करोड़ और नेट प्रॉफिट 73,670 करोड़ है।

अडानी के 66000 करोड़ तो अंबानी के 36000 करोड़ डूबे

मुंबई। शेयर मार्केट में बीते कारोबारी दिन भारी गिरावट देखने को मिली। इससे निवेशकों को करीब 14 लाख करोड़ का भारी नुकसान हुआ। गिरावट की वजह से न सिर्फ निवेशकों को बल्कि बड़ी-बड़ी कंपनियों के मालिकों की संपत्ति में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। दुनिया के दिग्गज कारोबारियों में शामिल अंबानी और अडानी की कमाई पर भी शेयर मार्केट के टूटने का असर हुआ है। जहां अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को 66,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ और वो 100 अरब डॉलर के क्लब से बाहर हो गए तो वहीं दूसरी ओर देश की सबसे वैल्युएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को भी 36,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

अडानी 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर- बुधवार को शेयर बाजार में आई गिरावट से दुनिया के टॉप अमीरों की लिस्ट में शामिल दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को बड़ा घाटा झेलना पड़ा है। गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप का मार्केट कैप 90,000 करोड़ रुपए घट गया। गौतम अडानी की सभी लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। स्टॉक्स में आई इस गिरावट का सीधा असर गौतम अडानी की नेटवर्थ पर दिखा, जो ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, 8 अरब डॉलर यानि करीब 66,000 करोड़ रुपए से ज्यादा घट गई।

अंबानी की इतनी घट गई नेटवर्थ

फोर्ब्स के मुताबिक मुकेश अंबानी को बुधवार को 4.42 अरब डॉलर या करीब 36,000 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। रिलायंस की मार्केट वैल्यू कम होकर 19.39 लाख करोड़ रुपए रह गई। रिलायंस के शेयर टूटने की वजह से मुकेश अंबानी की नेटवर्थ घटकर 112.5 अरब डॉलर रह गई।

ट्रेडिंग मानसिक लड़ाई...

गौतम अडानी ने हिंडनबर्ग तूफान का जिक्र कर सफलता का गुरुमंत्र दे दिया!

नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने अपनी सफलता का राजफाश किया है। पिछले साल हिंडनबर्ग के तूफान का जिक्र कर उन्होंने वो मंत्र बता दिए हैं जिन्होंने मुश्किल समय में भी उन्हें चट्टान की तरह खड़ा रखा। गौतम अडानी ने अपने किशोरावस्था के संघर्षों के बारे में भी बताया है। उन्होंने कहा है कि हर नुकसान एक सबक सिखाता है। इससे दुखी होने के बजाय सकारात्मक तरीके से लेना चाहिए। गौतम अडानी के मुताबिक, उनकी जिंदगी में ऐसे मोड़ आए जिनकी उन्होंने कभी कल्पना तक नहीं की थी। उद्यमिता में कदम रखना भी कुछ वैसा ही था। उन्होंने जो भी कारोबार खड़े किए उनमें उम्मीद से कहीं ज्यादा मुश्किलें आईं। ये बाधाएं और रुकावटें उन्हें ज्यादा समझदार बनाती चली गईं।

हर कारोबार खड़ा करने में आई मुश्कलि

गौतम अडानी ने बताया कि उन्होंने किशोरावस्था में उद्यमिता का सफर शुरू किया था। उद्यमिता जोखिम लेने और कभी गंवाने, कभी गिरने के साथ स्थितियों के साथ ओके रहने का नाम है। वह बोले, मुझे गिरने का कभी डर नहीं था। सभी सफलता अपनी चुनौतियों के साथ आती हैं। इसी तरह हर गिरावट अपने साथ दर्द लाती है। लेकिन हर बढ़त अपने साथ फायदा लाती है। इस लाभ को लचीलापन कहा जाता है। गौतम अडानी के अनुसार, उन्होंने जो भी व्यवसाय खड़े किए हैं वह उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा मुश्किल थे।

अडानी ने साझा कएि जंदिगी के कई अनुभव

मायानगरी मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में गौतम अडानी ने अपनी जिंदगी के कई अनुभव साझा किए। उन्होंने शेयर बाजार का जिक्र करते कहा, ट्रेडिंग एक मानसिक लड़ाई है। यह बाजार के साथ भी चलती है और खुद के साथ भी। हर नुकसान सबक सिखाता है। प्रत्येक लाभ ज्ञान देता है। यह मंत्र हमेशा मेरे साथ रहा है। दिग्गज कारोबारी ने बताया कि उन्होंने डायमंड बिजनेस में मुंबई में चार साल तक काम किया। मुंबई को अनोखी जगह बताते हुए वह बोले कि यह ऐसा शहर है जहां हर दिल की धड़कन गूंजती है - बड़ा सोचो, बड़ा सपना देखो। वास्तव में मुंबई ने उन्हें सिखाया कि क्या आकांक्षाएं रखनी हैं। गौतम अडानी ने कहा कि इसके बाद जब वह 19 साल के होने वाले थे और मुंबई में बसने की सोच रहे थे तो जिंदगी में एक अप्रत्याशित मोड़ आया। वह बोले, मेरे बड़े भाई ने एक छोटे पैमाने की पीवीसी फिल्म फैक्ट्री चलाने में सहायता करने के लिए मुझे वापस बुलाया। इस फैक्ट्री को उन्होंने अहमदाबाद के पास खरीदा था। भारी आयात प्रतिबंधों के कारण कच्चे माल की कमी के कारण व्यवसाय चुनौतीपूर्ण था।

बैंक ऑफ इंडिया और बंधन बैंक पर आरबीआई का एक्शन, दोनों पर लगाया भारी जुर्माना

मुंबई, एजेंसी। बैंक ऑफ इंडिया और बंधन बैंक के खिलाफ भारतीय रिजर्व बैंक ने एक्शन लिया है। केंद्रीय बैंक ने कुछ नियामकीय मानदंडों का पालन नहीं करने को लेकर दोनों बैंकों पर जुर्माना लगाया है। बैंक ऑफ इंडिया पर बैकिंग रेगुलेटर ने 1.4 करोड़ की पेनाल्टी लगाई है। वहीं, कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए निजी क्षेत्र के बंधन बैंक पर भी 29.55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बुधवार को यह जानकारी दी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि उसने कुछ रेगुलेटरी नॉर्म्स का पालन नहीं करने को लेकर बैंक ऑफ इंडिया पर 1.4 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसी तरह कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए निजी क्षेत्र के बंधन बैंक पर भी 29.55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना जमा पर ब्याज दर, बैंकों में ग्राहक सेवा, कर्ज पर ब्याज दर और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है।

इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस के खलिाफ भी एक्शन- इस बीच रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड पर एनबीएफसी (रिजर्व बैंक) दिशानिर्देश, 2016 में धोखाधड़ी की निगरानी और केवाईसी निर्देशों के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर 13.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

संकट के बीच पेटीएम को बड़ी राहत

आरबीआई की डेडलाइन से पहले एसबीआई से मिलाया हाथ

नई दिल्ली, एजेंसी। संकट में फंसी फिनटेक कंपनी पेटीएम ने आखिरकार 15 मार्च की डेडलाइन से पहले अपना पार्टनर बैंक चुन लिया है। पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से हाथ मिलाया है। पेटीएम का यूपीआई बिजनेस अभी तक उसकी सब्सिडयरी पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर निर्भर था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पेमेंट्स बैंक पर बिजनेस बैन लगाने के बाद से पेटीएम किसी पार्टनर बैंक की तलाश में थी। अब एसबीआई के साथ मिलकर पेटीएम थर्ड पार्टी एप प्रोवाइडर बन सकेगी।

ओसीएल ने नोडल अकाउंट एक्सिस बैंक को सौंपा- एक रिपोर्ट मुताबिक, इससे पहले पेटीएम ने एक्सिस बैंक, यस बैंक और एचडीएफसी बैंक के साथ टीपीएपी पार्टनरशिप के लिए हाथ मिलाया था। एक दिन पहले आई रिपोर्ट में यही बैंक पेटीएम के साथ गठजोड़ करने की दिशा में सबसे आगे बताए जा रहे थे। पिछले महीने वन 97 कम्युनिकेशंस ने अपना नोडल या एस्क्रो अकाउंट एक्सिस बैंक को सौंप दिया था। कंपनी ने इसकी जानकारी बीएसई को भी दी थी। इसकी मदद से पेटीएम के जरिए डिजिटल पेमेंट स्वीकार कर रहे मर्चेंट्स 15 मार्च की डेडलाइन के बाद भी काम कर सकेंगे।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने और टोल प्लाजा पर असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इससे यात्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या दोहरे शुल्क से बच सकेंगे।

फिच रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी के अनुमान में किया संशोधन

एफवाय 24 में 7.6 प्रतिशत रह सकती है विकास दर

नई दिल्ली, एजेंसी। फिच रेटिंग्स ने गुरुवार को चालू और अगले वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित किया है। एजेंसी को उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था अपने मजबूत विस्तार को जारी रखेगी। हालांकि, एजेंसी ने चीन के लिए अपने पूर्वानुमान को कम कर दिया है। कंपनी ने इसके पीछे चीन में रहे संपत्ति संकट का तर्क दिया है।

फिच रेटिंग एजेंसी ने अपनी मार्च आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 25 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। इसमें 0.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। फिच ने अपनी रिपोर्ट में कहा, चीन से इतर उभरते बाजारों के लिए संभावनाएं भी उज्ज्वल हुई हैं, विशेष रूप से भारत में, जहां हम अब वित्त वर्ष 24 में जीडीपी के 7.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 25 में 7.0 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं।

भारत सरकार ने भी हाल ही में वित्त वर्ष 24 की जीडीपी वृद्धि के पूर्वानुमान को पहले

के 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। फिच को उम्मीद है कि व्यापार और उपभोक्ता विश्वास के निरंतर स्तर के बीच घरेलू मांग, विशेष रूप से निवेश, भारत में विकास का मुख्य चालक होगा। फिच ने कहा, हमारे पूर्वानुमान बताते हैं कि अल्पावधि में वृद्धि अर्थव्यवस्था की अनुमानित क्षमता को पीछे छोड़ देगी और फिर गतिविधियों की वृद्धि की गति वित्त वर्ष 2025 में नरम रहेगी और वास्तविक जीडीपी 6.5 प्रतिशत बढ़ेगी। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी महीने में 5.1 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। फिच ने लिखा, इससे पता चलता है कि खाद्य कीमतों में कमी आई है इससे आने वाले समय मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के 2-6 प्रतिशत लक्ष्य बैंड के 4 प्रतिशत मध्य बिंदु तक पहुंच जाएगी।

मुंबई ने 42वीं बार जीती रणजी ट्रॉफी

विदर्भ को 169 रन से हराया, 8 साल बाद चैंपियन बने, मुशीर खान प्लेयर ऑफ द फाइनल

मुंबई। मुंबई ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 का खिताब जीत लिया है। मुंबई ने फाइनल मुकाबले में विदर्भ को 169 रन के बड़े अंतर से हराया। यह मुंबई का 42वां रणजी खिताब है। टीम 8 साल के इंतजार के बाद चैंपियन बनी है। मुंबई ने आखिरी खिताब 2015-16 के सीजन में जीता था। आखिरी दिन 538 रन के टारगेट का पीछा कर रही विदर्भ की टीम दूसरी पारी में 368 रन ही बना सकी। वानखेड़े मैदान पर गुरुवार को विदर्भ ने अपने आखिरी 5 विकेट दूसरे सेशन में गंवा दिए। लंच तक टीम का स्कोर 333/5 रहा।

अक्षय वाडकर 102 और हर्ष दुबे 65 रन बनाकर आउट हुए। दोनों के बीच 130 रनों की पार्टनरशिप हुई। इन दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई। मुंबई की पहली पारी में 136 रन बनाने वाले मुशीर खान ने 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया।

विदर्भ की दूसरी पारी में अक्षय वाडकर (102 रन) ने शतकीय पारी खेली, जबकि हर्ष दुबे (65 रन) ने अर्धशतक जमाया। इनसे पहले, करुण नायर ने 74 रन का योगदान दिया। मुंबई की ओर से मुशीर के अलावा, तुषार देशपांडे को 2 और तनुश कोटियन ने 4 विकेट झटके। शम्स मुलानी और धवल कुलकर्णी को एक-एक विकेट मिला।

मुंबई ने 538 रन का टारगेट दिया था

मेजबान मुंबई ने विदर्भ को 538 रन का टारगेट दिया था। टीम ने अपनी दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई को पहली पारी में 119 रन की बढ़त मिली थी। इस प्रकार विदर्भ को 538 रन का टारगेट मिला।

विदर्भ पहली पारी में 105 रन पर सिमटी

विदर्भ पहली पारी में महज 105 रन पर सिमट गई। इससे पहले, मुंबई ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 224 रन बनाए।

मुंबई ने खत्म किया 8 साल का सूखा, विदर्भ को हरा 42वीं बार बनी चैंपियन, अक्षय वाडेकर के शतक पर फिरा पानी

नईदिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी फाइनल 2024 में विदर्भ को हराकर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई की टीम 42वीं बार चैंपियन बनी। उसने 8 साल का सूखा खत्म किया। इससे पहले वह 2015-16 में चैंपियन बनी थी। मुंबई की टीम 48वीं बार रणजी फाइनल में पहुंची थी। वहीं विदर्भ 3 बार फाइनल में पहुंचा था। पहली पारी में 105 रन पर आउट होने के बाद विदर्भ ने दूसरी पारी में जबरदस्त लड़ाई दिखाई। 538 रन के टारगेट के जवाब में विदर्भ ने कप्तान अक्षय वाडेकर के शतक के अलावा करुण नायर और हर्ष दुबे के अर्धशतक की मदद से मैच को रोमांच बना दिया था। मैच के 5वें दिन गुरुवार (14 मार्च) को पहले सेशन में अक्षय वाडेकर और हर्ष दुबे ने शानदार बल्लेबाजी की। एक भी विकेट नहीं गिरने दिया। इसे देखकर ऐसा लगा मानो मैच किसी भी ओर जा सकता है। लंच के बाद अक्षय वाडेकर का विकेट गिरा और फिर बल्लेबाजों ने लाइन लगा दी। विदर्भ को छठा झटका 353 रन पर लगा।

संक्षिप्त समाचार

डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स दुबई में गिरफ्तार

हेग, एजेंसी। ड्रग्स की तस्करी और अपने चचेरे भाई पर चाकू से हमला करने के दोषी डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स को डच अधिकारियों के अनुरोध पर दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में दुबई के सरकारी वकील ने इसकी जानकारी दी। बयान के अनुसार, गिरफ्तारी यूएई और नीदरलैंड के अधिकारियों के बीच ज्वाइंट ऑपरेशन की मदद से हुई। यह गिरफ्तारी

नीदरलैंड द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर की गई। रिपोर्ट के अनुसार, नीदरलैंड अब दुबई पुलिस से क्विंसी प्रॉम्स को उन्हें सौंपने का अनुरोध करेगा। रेड नोटिस दुनिया भर में कानून प्रवर्तन से प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिए लंबित किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने के लिए जारी किया जाता है। यह अनुरोध करने वाले देश में न्यायिक अधिकारियों द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट या अदालती आदेश पर आधारित है। किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करना है या नहीं, यह तय करने में सदस्य देश अपने स्वयं के कानून लागू करते हैं। पिछले महीने एम्स्टर्डम की अदालत ने कोकीन की एक बड़ी खेप की तस्करी में शामिल होने के लिए प्रॉम्स को उसकी अनुपस्थिति में छह साल जेल की सजा सुनाई थी। हालांकि, डच सरकारी वकील ने नौ साल की सज़ा की मांग की थी।

विरोधी चाहते हैं कि स्मिथ बतौर ओपनर खेलें : टिम पेन

नई दिल्ली, एजेंसी। डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी बैटिंग लाइनअप को नया आकार देने में जुट गई है। इस बीच स्टीव स्मिथ को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टीम पेन ने चौंकाने वाला बयान दिया है। टिम पेन ने स्टीव स्मिथ के सलामी बल्लेबाज के रूप में उनके सफल होने की क्षमता पर भरोसा जताया है। वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई

टीम ने स्टीव स्मिथ को बतौर ओपनिंग बल्लेबाज खिलाने का फैसला किया था।
हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान स्मिथ के प्रदर्शन ने सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी काबिलियत पर सवाल उठाए। पेन ने चिंताओं को स्वीकार करते हुए कहा कि विरोधी टीमें स्मिथ के पारी की शुरुआत में उनकी कमजोरियों का फायदा उठाने के अवसर के रूप में देख सकती हैं। न्यूजीलैंड में स्मिथ के संघर्षों पर बात करते हुए, जहां वह 12.75 की औसत से केवल 51 रन बना सके, पेन ने स्मिथ को नई भूमिका में अपनी लय खोजने के महत्व पर जोर दिया। टिम पेन ने अपने बयान में कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेल रहा होता तो मैं चाहूता कि स्टीव स्मिथ ओपनिंग बल्लेबाजी करें।

रणजी ट्रॉफी खेलना पड़ा श्रेयस अय्यर को भारी!

IPL 2024 से पहले उनकी इंजरी ने बढ़ाई KKR की मुश्किलें

मुंबई। श्रेयस अय्यर को लेकर पिछले दिनों काफी चर्चा हुई, क्योंकि उनको और ईशान किशन को बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट से बाहर कर दिया था। श्रेयस अय्यर को लेकर बीसीसीआई का मानना था कि उन्होंने रणजी ट्रॉफी को तवज्जो नहीं दी और वे आईपीएल 2024 की तैयारियों के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केकेआर के कैंप में पहुंच गए। श्रेयस अय्यर ने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का क्वॉर्टर फाइनल इसलिए छोड़ा था, क्योंकि उनको पीठ में दर्द था। हालांकि, नेशनल क्रिकेट एकेडमी यानी एनसीए का मानना था कि वे पूरी तरह फिट हैं, लेकिन मुंबई के वानखेड़े में रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में श्रेयस अय्यर की बैक इंजरी फिर से उभर आई। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने विदर्भ के खिलाफ खिताबी मैच में 95 रनों की पारी खेली, लेकिन इसी पारी के दौरान उनकी पीठ की चोट फिर से उभर आई है। पिछले साल उन्होंने इस चोट की सर्जरी कराई थी और अब इसी चोट के कारण वे आईपीएल 2024 के कुछ मैच मिस कर सकते हैं। ये कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे टीम के कप्तान हैं।

पंत की कप्तानी पर असमंजस

DC सूत्रों ने कहा- पोंटिंग के आने पर फैसला होगा

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत फिट हो गए हैं। उनका इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में खेलना भी तय हो गया है। हालांकि, पंत दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे या नहीं, इस पर असमंजस है। टीम मैनेजमेंट के एक सूत्र ने भास्कर को बताया है कि हेड कोच रिकी पोंटिंग के आने के बाद टीम मीटिंग के दौरान पंत की कप्तानी पर फैसला होगा। अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। एक अन्य सूत्र ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी पंत की कप्तानी पर क्लियरिटी नहीं है। इस पर फैसला अगले 4-5 दिनों में हो सकता है। दिल्ली के ट्रेनिंग कैंप में प्रैक्टिस करते ऋषभ पंत। वह 662 दिन बाद दिल्ली की जर्सी में प्रैक्टिस करते दिखे। उन्होंने दिल्ली के लिए आखिरी मैच 22 मई 2022 को खेला था। दिल्ली के ट्रेनिंग कैंप में प्रैक्टिस करते ऋषभ पंत। वह 662 दिन बाद दिल्ली की जर्सी में प्रैक्टिस करते दिखे। उन्होंने दिल्ली के लिए आखिरी मैच 22 मई 2022 को खेला था।

टीम मालिक ने कहा था, पंत ही कप्तानी करेंगे

दिल्ली टीम के कोओनर पार्थ जिंदल ने कहा था कि ऋषभ पंत अगर फिट हुए तो कप्तान होंगे। IPL का अगला सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी।

2022 में कार दुर्घटना का शिकार हुए थे पंत

पंत साल 2022 के दिसंबर में एक कार दुर्घटना का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हुए थे। तब से वह क्रिकेट से पूरी तरह बाहर हैं। वह 14 महीने के लम्बे रिहैब और रिकवरी प्रोसेस के बाद फिट हुए। BCCI की मेडिकल टीम ने उन्हें एक दिन पहले ही विकेटकीपिंग और बैटिंग करने के लिए फिट घोषित किया।

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में

यशस्वी जायसवाल के काम आई सुनील गावस्कर की फटकार, लिटिल मास्टर ने किया खुलासा

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को भारत ने 4-1 से बड़े अंतर से जीता। 0-1 से सीरीज में पिछड़ने के बाद रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड ने अगले 4 मुकाबले लगातार जीतकर अंग्रेजो को धूल चटाई। इस सीरीज में यशस्वी जयसवाल भारत के लिए सबसे बड़ी खोज बनकर उभरे, उन्होंने इंग्लिश गेंदबाजों को आड़े हाथों लेते हुए सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाए। पिछले साल अगस्त में डेब्यू मैच में शतक के साथ अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत करने वाले जयसवाल महान सुनील गावस्कर के बाद एक सीरीज में 700 से अधिक रन बनाने वाले मात्र दूसरे भारतीय बने हैं। गावस्कर ने यह कारनामा अपने करियर में 2 बार किया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर गावस्कर ने यशस्वी जायसवाल को साउथ अफ्रीका दौरे पर डांट नहीं लगाई होती तो शायद यशस्वी ये उपलब्धि हासिल नहीं कर पाते। जी हां, टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने हाल ही में यह खुलासा किया कि उन्होंने जोहान्सबर्ग टेस्ट के दौरान जयसवाल को फटकार लगाई थी।

धर्मशाला स्टेडियम को लेकर पूछा गया सवाल तो वसीम अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ही कर दी बेइज्जती

इस्लामाबाद, एजेंसी। धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम दुनिया में क्रिकेट के सबसे खूबसूरत मैदानों में से एक है। हिमालय की तलहटी में स्थित यह मैदान समुद्र तल से 1457 मीटर की ऊंचाई पर है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता को न केवल भारतीय, बल्कि दौरा करने वाली टीमों के प्रशंसकों ने भी सराहा है। हालांकि, जब एक प्रशंसक ने ए स्पोर्ट्स पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम से सवाल किया, 'हमने धर्मशाला और क्वींसटाउन (न्यूजीलैंड) जैसे स्टेडियम देखे हैं तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) उत्तरी क्षेत्रों में स्टेडियमों के बुनियादी ढांचे में निवेश क्यों नहीं करता है?' इस पर अकरम ने सवालिया लहजे में जवाब देते हुए कहा, 'हम तीन स्टेडियमों का रखरखाव भी नहीं कर सकते। बाकी कहा नया बना लेंगे?' वसीम अकरम ने कहा, 'क्या आपने गद्दाफी स्टेडियम की छत देखी है जिसे वे ड्रोन से दिखा रहे थे?

हमारे एथलीट पेरिस ओलंपिक से अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदक के साथ लौटेंगे: अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, एजेंसी। जैसे-जैसे पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की उलटी गिनती तेज हो रही है, भारत के एथलीटों को वैश्विक मंच पर चमकते देखने की उम्मीद बढ़ गई है जबकि खिलाड़ी खेलों के लिए अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने विश्वास जताते हुए कहा कि एथलीट अपने निडर और प्रतिस्पर्धी स्वभाव के कारण पेरिस 2024 में नए भारत को प्रतिबिंबित करेंगे। विशेष रूप से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने पेरिस गेम्स, खेलो इंडिया, डोपिंग रोधी कार्यक्रमों और एथलीटों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन पर अपने विचार साझा किए। मंत्री ने विशेष रूप से एथलीटों पर अनुचित दबाव डाले बिना उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पीएम मोदी के अनूठे दृष्टिकोण का उल्लेख किया।

साक्षात्कार के अंश

यह एक ओलंपिक वर्ष है, सरकार एथलीटों को सभी आवश्यक आवश्यकताएं प्रदान कर रही है और तैयारी कैसी चल रही है? इस बार आपको कितने पदकों की उम्मीद है? क्या हम पिछली बार का रिकॉर्ड तोड़ देंगे? ठाकुर- मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में सर्वश्रेष्ठ पदक के साथ वापस आएंगे। मेरा आत्मविश्वास उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उपजा है, जो कोचिंग स्टाफ, सहयोगी स्टाफ के समर्थन और भारतीय खेल प्राधिकरण और उनके राष्ट्रीय खेल महासंघों के माध्यम से मंत्रालय द्वारा समर्थित है।

गुजरात जायंट्स को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की

नई दिल्ली, एजेंसी। यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आखिरी लीग मैच में गुजरात जायंट्स पर सात विकेट की शानदार जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शुरुआती ओवरों में मारिजैन कप्प के आक्रामक स्पैल ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर जाइंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरकर रख दिया। जेस जोनासेन के साथ उनकी साझेदारी ने विपक्षी टीम को और ध्वस्त कर दिया, जिससे जाइंट्स का स्कोर पांच ओवर के भीतर तीन विकेट पर 16 रन हो गया।

टीटास साधु की ओर से ऑफस्पिनर मिन्नू मणि ने पांच गेंदों के अंदर दो विकेट लिए, जिससे जायंट्स की पारी आधी होने के बाद उनका स्कोर पांच विकेट पर 48 रन हो गया। उन्होंने एशले गार्डनर को बोल्ड किया, जो ग्रिप और टर्न के साथ स्टंप्स से जा टकराया और फिर फीबी लीचफील्ड को मिड-ऑन पर राधा यादव ने कैच कर लिया।

भारती फुलमाली और कैथरीन ब्राइस के प्रतिरोध के बावजूद, जिन्होंने सराहनीय 68 रनों की साझेदारी की, दिग्गजों की पारी कभी भी गति हासिल नहीं कर पाई। फुलमाली ने 36 गेंदों में 42 रन की पारी में सात चौके लगाए और अपनी टीम के लिए सर्वाधिक स्कोर बनाया। शिखा पांडे की देर से की गई दो तेज विकेटों की बदौलत कैपिटल्स का नियंत्रण बना रहा और जाइंट्स को 20 ओवरों में 126 के मामूली स्कोर पर रोक दिया।

127 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने अपना दबदबा कायम रखा। मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा ने शानदार शुरुआत देते हुए केवल तीन ओवर में बिना किसी नुकसान के 31 रन बना लिए, जबकि लैनिंग का कैमियो एक रन-आउट द्वारा छोटा कर दिया गया।

बॉलीवुड में डेब्यू को तैयार उर्फी जावेद

उर्फी जावेद अक्सर अपनी अजीबोगरीब ड्रेस की वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनके लाखों प्रशंसक हैं। फैंस को उनकी पोस्ट का हमेशा इंतजार रहता है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में नजर आ चुकी उर्फी को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे जल्द ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। बताया जा रहा है कि उर्फी लव सेक्स और धोखा के सीक्वल से बलीवुड में एंट्री करने जा रही हैं। इस फिल्म की कहानी को मौजूदा पीढ़ी के हिसाब से बुना गया है। इसमें इंटरनेट और सोशल मीडिया की प्रासंगिकता को दिखाने की कोशिश की गई है। चूंकि फिल्म सोशल मीडिया और प्यार के बारे में बात करती हैं, ऐसे में इस फिल्म के लिए उर्फी को बिल्कुल फिट माना जा रहा है।

इस दिन रिलीज होगी फिल्म

लव सेक्स और धोखा के सीक्वल का निर्माण एकता कपूर और शोभा कपूर की प्रोडक्शन कंपनी ने किया है। फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। उर्फी जावेद की बात करें तो वे अब तक कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं। बेपनाह, डायन, ये रिश्ता क्या कहलाता है, बड़े भैया, ऐ मेरे हमसफर, चंद्र नंदिनी और मेरी दुर्गा जैसे धारावाहिकों में वे नजर आ चुकी हैं

मैं उनके लिए खुश हूं...

तलाक के बाद धनुष को लेकर बोलीं ऐश्वर्या

ऐश्वर्या रजनीकांत के निर्देशन में बनी फिल्म लाल सलाम हाल ही में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से उन्होंने बतौर निर्देशक कॉलीवुड में नौ साल बाद वापसी की है। हालांकि, रजनीकांत के एक्सटेंडेड कैमियो के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस बीच ऐश्वर्या ने पहली बार धनुष के साथ अपने अलगाव पर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या रजनीकांत अपने एक्स हसबैंड धनुष के बारे में अलग होने के दो साल बाद कुछ बात की है। इंटरव्यू में ऐश्वर्या से म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंद्र को लेकर सवाल किया गया था। बता दें कि उन्होंने धनुष और श्रुति हसन के साथ वायरल गाना कोलावेरी डी कंपोज किया था। आगे ऐश्वर्या ने अनिरुद्ध को लेकर किए सवाल का जवाब देते हुए धनुष को लेकर भी बात की है।

धनुष को दिया श्रेय

ऐश्वर्या ने कहा, मुझे खुशी है कि वह सबसे डिमांडिंग संगीत निर्देशकों में से एक बन गए हैं। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री में उनकी एंट्री का मुझसे कोई संबंध नहीं है। वह मेरे चचेरा भाई हैं, लेकिन उनकी संगीत प्रतिभा को धनुष ने पहचाना। धनुष ने उन्हें 3 के गाने लिखने के लिए प्रोत्साहित किया। सिनेमा इंडस्ट्री में उनका प्रवेश पूरी तरह से धनुष के कारण हुआ।

धनुष की वजह से अनिरुद्ध ने चुना संगीत करियर

ऐश्वर्या ने यह भी खुलासा किया कि अनिरुद्ध के माता-पिता की उनके लिए एक अलग योजना थी और वे चाहते थे कि वह सिंगापुर चले जाएं और अच्छी शिक्षा लें। हालांकि, धनुष ने अनिरुद्ध के माता-पिता को उनकी संगीत प्रतिभा और उनके संगीत करियर को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए राजी कर लिया था। ऐश्वर्या ने कहा, उनके लिए कीबोर्ड खरीदने से लेकर 3 के गाने लिखने के लिए दबाव डालने तक का श्रेय धनुष को जाता है। अनिरुद्ध की इंडस्ट्री में एंट्री धनुष की वजह से हुई है। लेकिन आज वह जहां तक पहुंचे हैं वह उनकी कड़ी मेहनत की वजह से है। और मैं उसके लिए काफी खुश हूं।

अमीषा ने कॉमेडियन स्नेहिल मेहरा दीक्षित की जमकर तारीफ

मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे के नए एपिसोड में कॉमेडियन स्नेहिल मेहरा दीक्षित, केतन सिंह, गौरव दुबे और इंदर सहानी ने सभी का मनोरंजन किया। उन्होंने फिल्म गदर 2 में अपनी जानदार कॉमेडी से अमीषा पटेल का दिल जीत लिया।

प्रत्येक कॉमेडियन ने अपनी भूमिका बहुत ही कुशलता से निभाई और सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया। फिल्म गदर 2 में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अमीषा पटेल ने एक्ट का जमकर आनंद लिया। उन्होंने स्नेहिल उर्फ बीसी आंटी की सराहना करते हुए कहा कि स्नेहिल, मैं आपकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने सोशल मीडिया पर आपकी बहुत सारी सामग्री देखी है और आपके द्वारा की गई फिल्म समीक्षाएं भी देखी हैं।

मैं वास्तव में उनका आनंद लेती हूं। स्नेहिल एक कंटेंट क्रिएटर हैं और उनका बीसी (भेरी क्यूट) आंटी नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट है। अपहरण में अपने काम से पहचान बनाने वाली स्नेहिल ने कहा कि मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था जब अमीषा जी ने कहा कि वह मेरी प्रशंसक हैं।

यह मेरे द्वारा अब तक अनुभव की गई सबसे अच्छी भावनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि मैं उनके काम और भारतीय फिल्म उद्योग में उनके योगदान की सच्ची प्रशंसक हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं सभी को हंसाते रहने के लिए अपने अभिनय और हास्य को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी।

सलमान खान नहीं होंगे शाहरुख की पठान 2 का हिस्सा!

साल 2023 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान में 30 साल बाद शाहरुख खान और सलमान खान एक साथ पर्दे पर नजर आए। दोनों सितारों को साथ में एक्शन करते देख दर्शकों ने भी इसका खूब आनंद लिया। इसके बाद सलमान की फिल्म टाइगर 3 शाहरुख ने कैमियो किया, जिस पर सिनेमाघरों में खूब तालियां बजी। इंडस्ट्री के दोनों खान की जोड़ी को लेकर दर्शकों का उत्साह तब और बढ़ गया, जब पठान 2 में सलमान खान के होने की खबर सामने आई, लेकिन बीते दिन ही इस फिल्म से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आई, जिसने फैंस को निराश कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान पठान 2 का हिस्सा नहीं होगें।

रिपोर्ट्स की मानें तो यशराज फिल्म्स ने स्पाई यूनिवर्स में अब तक 5 फिल्में बनाई हैं, जिनमें से चार फिल्मों में दर्शकों को टाइगर यानी सलमान खान की मौजूदगी देखने को मिली। अब मेकर्स को यह लग रहा है कि बार-बार टाइगर की मौजूदगी से उस का किरदार कमजोर पड़ जाएगा।

फिल्मों के मामले में खुद को खुशनसीब मानती हैं आलिया

आलिया भट्ट से जब पूछा गया कि वे अपनी हर फिल्म में अलग किरदार निभाती नजर आती हैं। आखिर वे अपने लिए इन अलग किरादरों का चुनाव कैसे कर लेती हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे शुरू से ही अच्छी और अलग फिल्में करने को मिली हैं। आलिया भट्ट बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं।

उन्होंने अपने छोटे से करियर में एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हॉलीवुड और टॉलीवुड में भी वे अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान आलिया ने अपने करियर और फिल्मों के चुनाव के बारे में कई दिलचस्प खुलासे किए।

आलिया भट्ट साल 2022 में एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने पहली बार साउथ सुपर स्टार राम चरण के साथ काम किया था।

पिछले दिनों आलिया राजामौली के साथ अपने काम के अनुभवों को साझा करते हुए बोलीं, मुझे अक्सर अपनी फिल्मों को चुनने में काफी परेशानी होती है। मैं समझ नहीं पाती हूं कि किन फिल्मों को चुनूं और किन्हें नहीं। ऐसे में मैंने एसएस राजामौली से पूछा था कि मुझे किस तरह की फिल्में चुननी चाहिए तब उन्होंने कहा जो भी चुनो, बस प्यार से चुनो।

असल जिंदगी में फैशन और मेकअप से कोसों दूर हैं एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना

फैशन पर अपनी राय रखते हुए एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा कि वह असल जिंदगी में फैशन से कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि वह न तो मेकअप और न ही फैंसी आउटफिट पसंद करती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह जैसी दिखती हैं, उससे बिल्कुल उलट हैं। लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई के नवीनतम एडिशन में डिजाइनरों के लिए शोस्टॉपर बनीं करिश्मा ने बताया कि वह ऑफ-स्क्रीन अपना जीवन कैसे जीती हैं। उन्होंने से कहा कि आप चौंक जाएंगे.. मैं पर्दे पर और इस इंडस्ट्री में जैसी दिखती हूं.

इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए प्रतिभा और मेहनत की जरूरत

अदा शर्मा की सीरीज सनफ्लावर के दूसरे सीजन को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस सीरीज में रणवीर शौरी ने पुलिस वाले की भूमिका निभाई थी। सीरीज को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। वही, रणवीर शौरी के किरदार को भी फैंस की खूब सराहना मिल रही है।

अब हाल ही में, अभिनेता ने अपनी भूमिका से लेकर स्क्रिप्ट सेलेक्शन तक कई दिलचस्प खुलासे किए है और साथ ही बॉलीवुड की राजनीति को भी उजागर किया है। इंटरव्यू में रणवीर ने उनके फिल्मी करियर के बारे में पूछा गया तो इसपर अभिनेता ने कहा, यह सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है।

सोन चिरैया मेरे करियर की मुख्य फिल्मों में से एक है। मैंने बीच में मेट्रो पार्क और टब्बर भी किया। ईमानदारी से कहूं तो मैं बहुत जिद्दी नहीं हूं। मैं जो भी सेलेक्शन करता हूं, वह कुछ भी अच्छा न कर पाने के भय से आती है। अभिनेता ने आगे कहा, जब आपको बिलों का भुगतान करना होता है और आपके पास ज्यादा काम नहीं होता है, तो आप जो भी करना पड़े, कर बैठते हैं। मैं किरदार में अलग-अलग शेड्स बनाने और इसे एक जैसा नहीं बनाने के लिए लेखकों को श्रेय देना चाहूंगा।

ओटीटी में काम करने को लेकर रणवीर ने कहा, मुझे लगता है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म इंडस्ट्री के लिए एक वरदान हैं क्योंकि थिएटर बहुत भरे हुए हैं और बड़े लोगों के नियंत्रण में हैं। ओटीटी अधिक लोकतांत्रिक है। जैसा कि मैंने सही कहा, मेरा जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है। लोग मुझे भूल जाते हैं या नजरअंदाज कर देते हैं। 2022 में मैंने बहुत काम किया, 2023 में फिर मेरे पास कम काम रह गया और मुझे नहीं पता कि 2024 कैसे जाएगा। यह एक रोलर कोस्टर की सवारी है। बॉलीवुड और बड़े स्टार्स पर कटाक्ष करते हुए रणवीर ने कहा, इस इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए केवल प्रतिभा और कड़ी मेहनत की जरूरत नहीं है।

किसी को यह जानना होगा कि मार्केटिंग और नेटवर्क कैसे बनाया जाए। मुझे लगता है कि मैं इसमें अच्छा नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि राजनीति से कैसे निपटना है।

भूल भुलैया 3 के लिए 1 करोड़ से कम ली है तृप्ति ने फीस कार्तिक को 35 करोड़

तृप्ति डिमरी को फिल्म एनिमल से काफी सक्सेस मिली है। इस फिल्म के बाद तो उन्हें नेशनल क्रश तक का टैग भी मिला है। अब तो तृप्ति फिल्म भूल भुलैया 3 में भी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वह कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। ऐसा कहा जा रहा था कि भूल भुलैया 3 के लिए तृप्ति अच्छी खासी फीस ले रही हैं।

उन्होंने अपनी फीस बढ़ा दी हैं। अब जानें क्या सच में तृप्ति ने अपनी फीस डबल कर दी हैं। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक एलिमल के बाद तृप्ति के ना सिर्फ इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स तेजी से बढ़े हैं। इतनी तारीफ और सोशल मीडिया सेंसेशन बनने के बाद तृप्ति ने अपनी फीस डबल कर दी हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि वह फिल्म में पूरा किरदार निभा रही हैं ना कि एनिमल की तरह छोटा रोल। रिपोर्ट्स के मुताबिक भूल भुलैया 3 के मेकर्स भी तृप्ति को उनके हिसाब से पैसा देने के लिए तैयार हैं। वहीं कहा जा रहा है कि तृप्ति अभी एक समय में एक ही फिल्म करना चाहती हैं। वह फिलहाल काम को लेकर ज्यादा जल्दबाजी नहीं करना चाहती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबित तृप्ति ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में अपने किरदार के लिए 40 लाख रुपये लिए थे। वहीं अब वह 80 लाख रुपये लेंगी।

वहीं कार्तिक आर्यन की बात करें तो वह 35-50 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भूल भुलैया 2 की सक्सेस पर फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने उन्हें 4.7 करोड़ की लग्जरी गाड़ी गिफ्ट की थी। फिल्म भूल भुलैया 3 की बात करें तो इसमें तृप्ति, कार्तिक के अलावा विद्या बालन और माधुरी दीक्षित लीड रोल में होंगी।

सबको लगा मेरी वजह से आमिर का तलाक हुआ

फिल्ममेकर किरण राव साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म 'लगान' में असिस्टेंट डायरेक्ट थीं। उनकी और आमिर खान की पहली मुलाकात फिल्म 'लगान' के सेट पर ही हुई थी। किरण जब आमिर से पहली बार मिलीं तब एक्टर का रीना दत्ता से तलाक नहीं हुआ था। हालांकि, 'लगान' की रिलीज के एक साल बाद 2002 में आमिर और रीना ने तलाक ले लिया था। ऐसे में कई लोगों ने किरण को ही आमिर और रीना के तलाक के पीछे की वजह माना। अब किरण ने एक इंटरव्यू में इस मामले पर सफाई दी है।

किरण ने बताया कि 'लगान' की शूटिंग के दौरान उनकी आमिर से बमुश्किल ही बात होती थी। जूम को दिए एक इंटरव्यू में किरण ने कहा, 'कई लोगों को लगता है कि आमिर और मैं 'लगान' के दौरान कनेक्ट हुए थे पर ऐसा नहीं था। हम दोनों 'स्वदेस' के शूटिंग के दौरान करीब आए। उस समय आमिर 'मंगल पांडे' की शूटिंग कर रहे थे।

तब हमने आशुतोष गोवारिकर के साथ कुछ एड शूट किए थे।' किरण ने आगे कहा, 'उससे पहले लगान के 3 साल बाद हम टच में नहीं थे। लगान की शूटिंग के दौरान भी हमारी बमुश्किल बात होती थी। पर जब हमने 2004 में पब्लिकली मिलना शुरू किया तो लोगों को लगा कि मैं ही उनकी तलाक की वजह हूं, जबकि ऐसा नहीं था।'

इस इंटरव्यू में किरण ने बताया कि आमिर और उन्होंने कपल काउंसलिंग भी ली थी। उन्होंने कहा- 'जब आप किसी ऐसे इंसान से शादी करते हैं जो पहले किसी दूसरे रिश्ते में रहा हो तो एक बैगेज साथ आता ही है, जो आपके रिश्ते को भी खराब कर सकता है। इसके लिए मैं कपल काउंसलिंग करने पर यकीन रखती हूं। आमिर और मैंने भी कपल काउंसलिंग की थी।

मुझे ईमानदार, वफादार

जीवनसाथी की तलाश है कृति सेनन

बॉलीवुड में नेहा धूपिया अपनी बेबाकी के लिए मशहूर हैं। नेहा का वही बेबाक अंदाज उनके चैट शो में भी देखने मिलता है। नो फिल्टर नेहा के अगले एपिसोड में बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन बतौर मेहमान दिखाई देने वाली हैं। नेहा धूपिया इन दिनों अपने शो नो फिल्टर नेहा की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। यह शो अपने पिछले सीजन से काफी अलग और बेहतर है। नो फिल्टर नेहा के इस सीजन में अभी तक शाहिद कपूर, टाइगर श्रॉफ और करीना कपूर खान बतौर मेहमान आ चुके हैं। वहीं शो के आगामी एपिसोड में कृति सेनन अपनी निजी जिंदगी के बारे में से नेहा बातें करती नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर नेहा और कृति के इस एपिसोड का प्रोमो काफी वायरल हो रहा है।

बॉलीवुड में नेहा धूपिया अपनी बेबाकी के लिए मशहूर हैं। नेहा का वही बेबाक अंदाज उनके चैट शो में भी देखने मिलता है। नो फिल्टर नेहा के अगले एपिसोड में बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन बतौर मेहमान दिखाई देने वाली हैं। यूट्यूब पर जारी किए गए शो के प्रोमो में नेहा कृति से पूछती हैं कि उन्हें कैसे जीवनसाथी की तलाश है। इस सवाल के जवाब में कृति कहती हैं, सच कहूं तो मुझे डेटिंग ऐप्स पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। मैंने अपने आस-पास के लोगों को बता रखा है कि मुझे एक जीवन साथी की तलाश है और उसे ढूंढने में वे मेरी मदद करें।